कार्तिक कृष्ण पक्ष 6 , 2081 | dopaharmetro | epaper.dopaharmetro.com | dopaharmetro | वर्ष-08, अंक - 119 | पेज 8, मूल्य 2 रुपए

डाक पंजीयन क्रमांक: म.प्र./4-474/2024-26

भोपाल

22 अक्टूबर 2024 मंगलवार

बेबाक खबर हर दोपहर

# दोपहर मेट्रो

आज का मौसम

31 अधिकतम

22 न्यूनतम




## छह महीनें तक लोगों को सुझाव-आवेदन देने का मौका देगी सरकार

# शहर-जिलों की सीमाएं बदलने दौरे पर निकलेगा परिसीमन आयोग

**भोपाल दोपहर मेट्रो।**

मप्र में दो विधानसभा उपचुनाव की सरगर्मियों के बीच आज मोहन यादव कैबिनेट युवाओं को रोजगार और प्रशासिनक सीमाओं का पुनर्गठन करने में जुट गई है। आज कैबिनेट बैठक में सीएम यादव ने मंत्रियों से कहा कि मार्च में प्रदेश की प्रशासनिक इकाइयों के पुनर्गठन का जो प्रस्ताव किया था। इस क्रम में सभी संभाग , उप संभाग , जिले, तहसील, विकास खंडों के पुनर्गठन की प्रक्रिया आरंभ की जा रही है। आमजन व जनप्रतिनिधि अपने सुझाव, आवेदन और अभ्यावेदन के रूप में पुनर्गठन आयोग को प्रस्तुत कर सकेंगे। पुनर्गठन आयोग द्वारा,आवेदनों पर विचार के पश्चात अनुशंसाएं शासन को प्रस्तुत की जांएगी। नगरीय क्षेत्र की सीमाओं के प्रस्ताव भी आयोग को दिए जा सकेंगे। आयोग नवंबर माह से विभिन्न संभागों में अपने दौर प्रारंभ करेगा, आवेदन के लिए 4 से 6 माह तक का समय रहेगा। सरकार इसका व्यापक प्रचार भी करेगी,ताकि जन सुविधा की दृष्टि से लोग सरलता से सुझाव आयोग को पहुंचा सकें।



### रोजगार के लिए 1 लाख भर्तियां, 4 साल का एशन प्लान

मुख्यमंत्री ने कहा कि रोजगार सृजन, राज्य सरकार की प्राथमिकता है। प्रदेश में रोजगार के अधिक से अधिक अवसरों के सृजन के लिए 11 विभाग समन्वित रूप से प्रयास कर रहे हैं। उद्योग, एमएसएमई , कृषि - उद्यानिकी आदि विभागों के साथ तालमेल करते हुए अगले 4 साल में रोजगार के अवसरों के सृजन के लिए कार्य योजना बनाई जा रही है । औद्योगिक इकाइयों के लिए स्किल्ड लेबर उपलब्ध और युवाओं को रोजगार के उद्देश्य से कार्य किया जा रहा है । जल्द ही कर्मचारी चयन आयोग और लोक सेवा आयोग की भर्ती प्रक्रिया भी आरंभ की जा रही है। सभी विभागों की लगभग 1 लाख तक भर्तीयां हैं जिनकी प्रक्रिया अभियान के रूप में आरंभ की जा रही है।



### भाजपा की पेंच पर नजर,कार्तिकेय संभालेंगे चुनाव प्रबंधन



केंद्रीय मंत्री और पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान की परंपरागत विधानसभा सीट रही बुधनी के उपचुनाव में भाजपा अपने नाराज नेताओं से जूझ रही है।इनमे शामिल राजेंद्र सिंह के तेवरों पर सभी की नजरें हैं। वे आज कार्यकर्ताओं के साथ बैठक कर रहे हैं। इधर संकेत है कि बुधनी चुनाव का मोर्चा शिवराज के बजाए उनके बेटे कार्तिकेय सिंह चौहान प्रमुखता से संभालेंगे। इससे पहले विधानसभा चुनाव में भी इस सीट पर कार्तिकेय ने अपने पिता के प्रचार का जिम्मा संभाला था,क्योंकि शिवराज तब पूरे प्रदेश में प्रचार कर रहे थे। इस बार उपचुनाव के लिये कार्तिकेय खुद टिकट की दौड़ में थे, लेकिन भाजपा ने विदिशा के पूर्व सांसद रमाकांत भार्गव को प्रत्याशी बनाया। भार्गव की खांटी शिवराज समर्थक हैं। इस बार शिवराज चुनाव प्रभारी होने के कारण झारखंड राजय् में व्यस्त हैं। वह बुधनी उपचुनाव में प्रचार के लिए कम समय दे पाएंगे, हालांकि उनके करीबियों का कहना है कि बुधनी में कार्यकर्ताओं से संवाद और बैठकें लेकर वह भाजपा की जीत सुनिश्चित करने में कोई कसर नहीं छोड़ेंगे।

### कांग्रेस में दुविधाएं बढ़ीं,सपा से एकतरफा संवाद

उधर कांग्रेस के भीतर भी बुधनी में समाजवादी पार्टी द्वारा उम्मीदवार अजुर्न आर्य को उतारने से खलबली है। कांग्रेस को आशंका है कि इससे राजकुमार पटेल के जरिये खेला गया ओबीसी वोट का दांव बिखर जाएगा। पार्टी सूत्रों का कहना है कि प्रदेशाध्यक्ष जीतू पटवारी ने इसे लेकर हाइकमान तक बात पहुंचा दी है और मप्र के शीर्ष नेताओं से भी इसे लेकर सपा प्रमुख अखिलेश यादव से चर्चा का अनुरोध किया गया है। जानकारों का कहना है कि अभी तक यादव की तरफ से कांग्रेस की पहल पर कोई रिस्पांस नहीं मिला है। इस बीच 24 अक्टूबर को बुधनी में राजकुमार पटेल के नामांकन की तैयारी चल रही है, 25 अक्टूबर को विजयपुर में कांग्रेस उम्मीदवार मुकेश मल्होत्रा का नामांकन दाखिल कराया जाएगा।इस मौके पर पटवारी समेत अन्य वरिष्ठ नेता मौजूद रहेंगे।



## जबलपुर की ऑर्डिनेंस फैक्ट्री में ब्लास्ट,दो की हालत नाजुक

### हादसे में इमारत को भारी नुकसान

**जबलपुर , एजेंसी।**



आज सुबह आयुध निर्माणी( ऑर्डिनेंस फैक्ट्री ) मरिया के एफ6 ब्लाक में पिच्योरा बम को बॉयल्ड आउट करते समय धमाका हो गया। जिस समय ब्लास्ट हुआ उस वक्त भवन में लगभग 12 से 13 लोग काम कर रहे थे। सभी लोग घायल हो गए हैं। सभी घायलों को महाकौशल हॉस्पिटल भेजा गया है, जहां उपचार जारी है। इनमें श्यामलाल और रणधीर नामक कर्मचारियों की हालत गंभीर है। जबकि मलबे में कई कर्मचारियों के दबे होने की आशंका में राहत बचाव कार्य जारी है। बताया जाता है कि ऑर्डिनेंस फैक्ट्री में सुबह करीब 11 बजे यह ब्लास्ट हुआ है फैक्ट्री की इस बिल्डिंग में थाउजेंड पाउडर बम का उत्पादन होता है जो कि भारतीय वायुसेना उपयोग करती है। हादसे में पूरी बिल्डिंग उड़ गई।

## फिर 30 घरेलू व अंतर्राष्ट्रीय उड़ानों में बम की धमकी मिली

**नई दिल्ली , एजेंसी।**



इन दिनों देशभर की तमाम एयरलाइन कंपनियों के विमानों में बम की धमकी मिलने का सिलसिला चल रहा है।इसके चलते फ्लाइट वापस बुलाई जा रही हैं तो कहीं लंबी तलाशी में लेट हो रही हैंय। बीती रात भी 30 विमानों में बम होने की धमकी दी गई। सूत्रों ने बताया कि इंडिगो, विस्तारा और एयर इंडिया की उड़ानों को बम से उड़ाने की धमकी मिली है। इंडिगो के एक प्रवक्ता ने आज कहा कि सोमवार को उसके चार विमानों को सुरक्षा संबंधी अलर्ट मिला है। वे घरेलू व अंतर्राष्ट्रीय उडानों को लेकर था। अलर्ट के बाद कंपनी ने संबंधित अधिकारियों के साथ मिलकर काम किया और मानक संचालन प्रक्रियाओं का पालन किया गया। इन उड़ानों के यात्री सुरक्षित रूप से उतर गए। वहीं, एक एयर इंडिया के प्रवक्ता ने भी इस बात की पुष्टि की कि उडान भरने वाली एयर इंडिया की कुछ उड़ानों को धमकी मिली।

## अब राम रहीम पर पंजाब सरकार चलाएगी केस

**नई दिल्ली , एजेंसी।**



डेरा सच्चा सौदा प्रमुख गुरमीत राम रहीम की मुश्किलें अब बढने वाली हैं क्योंक पंजाब सरकार ने राम रहीम के खिलाफ 2015 के बेअदबी के तीन मामलों में केस चलाने की मंजूरी दे दी है। इन घटनाओं के बाद सिख समुदाय ने व्यापक स्तर पर प्रदर्शन किया था, जिस दौरान हुई झड़प में पुलिस की फायरिंग में दो लोगों की मौत हो गई थी। 2015 के गुरुग्रंथ साहिब की बेअदबी मामले में मुकदमा चलाने पर हाईकोर्ट ने रोक लगा दी थी। इस आदेश को पंजाब की भगवंत मान सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी थी। सुप्रीम कोर्ट ने हाईकोर्ट की ओर से लगाई गई इस रोक को हटा लिया। इसके साथ ही राम रहीम को नोटिस जारी कर चार हफ्ते में जवाब मांगा है। सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद अब राम रहीम के खिलाफ निचली अदालत में ट्रायल शुरू हो सकेगा।

## प्रदूषण बढ़ा, दिल्ली में पुरानी गाड़ियों पर बैन

**नई दिल्ली , एजेंसी।**



दिल्ली समेत आसपास नोएडा और गाजियाबाद में भी प्रदूषण का स्तर खराब श्रेणी में पहुंच गया है। आज दिल्ली में एयर क्वालिटी इंडेक्स यानी एक्यूआई 318 दर्ज किया गया है। जबकि जहांगीरपुरी 567 दर्ज हुआ है। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के देश भर में प्रदूषण जांच के लिए 238 स्टेशन हैं। इसके मुताबिक हनुमानगढ़ में 291, भिवानी में 289, रोहतक में 283, जिंद में 277 समेत 18 सब केंद्रों में एक्यूआई खराब श्रेणी में रहा। वहीं, एनसीआर में दिल्ली के बाद गाजियाबाद की हवा सबसे खराब रही। यहां 257 एक्यूआई दर्ज किया गया। इसके साथ ही ग्रेडेड रिस्पांस एक्शन प्लान (ग्रैप) का दूसरा चरण लागू हो गया है।पेट्रोल की 15 साल से ज्यादा पुरानी और डीजल की दस साल पुरानी गाडियों पर रोक लगाई जा रही है। विशेषज्ञों ने कहा कि प्रदूषकों के प्रभावी फैलाव के लिए मौसम संबंधी स्थितियां प्रतिकूल हैं। रात के दौरान शांत हवाएं चल रही है। ऐसे में पराली जलाने जैसे स्रोतों से अतिरिक्त उत्सर्जन से हवा की गुणवत्ता बेहद खराब हो रही है।

## चारों तरफ बर्फ, 17 घंटे फंसे रहे सीईसी, फिर आया चाय का कप



**देहरादू , एजेंसी।**

मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार अपने हेलिकॉप्टर की इमरजेंसी लैंडिंग के बाद 17 घंटे तक उत्तराखंड के एक सुदूर गांव में फंसे रहे। बर्फीली रात के अंधेरे और वीरान गांव में स्थानीय ग्रामीण उनके लिए देवदूत बनकर आए और अगले दिन जब आईटीबीपी के जवान वहां पहुंचे तो उन्होंने चुनाव आयुक्त के लिए चाय बनाई। कड़ाके की ठंड के बीच वह चाय का कप उनके लिए सबसे बड़ी राहत के रूप में आया। अब उन्होंने ग्रामीणों और आईटीबीपी की मेहमाननवाज़ी के लिए उनका आभार व्यक्त किया है। चीफ इलेक्शन कमिश्नर पिथौरागढ़ के दूरदराज के मतदान केंद्रों का दौरा करने के लिए मिलम जा रहे थे तब पायलट और दो अन्य लोगों के साथ उनके हेलिकॉप्टर को घने बादल और कम दृश्यता के चलते मुनस्यारी से लगभग 42 किमी दूर रालम गांव में आपातकालीन लैंडिंग के लिए मजबूर होना पड़ा।

अब उत्तराखंड के मुख्य निर्वाचन अधिकारी बीवीआरसीसी पुरूषोत्तम को लिखे पत्र में राजीव कुमार ने रालम गांव के निवासियों की तारीफ की है और विश्वास जताया कि प्रशासन आपदा प्रबंधन में स्थानीय निवासियों की भागीदारी के इस उदाहरण को नीति के रूप में अपनाएगा और उन्हें प्रेरित और सम्मानित करेगा।

### लाखों डॉलर व सोना मिला

## अस्पताल के नीचे इजरायल को मिला हिजबुल्ला का 40 अरब का खजाना

**यरूशलम , एजेंसी।**




इजराइली रक्षा बलों ने हिजबुल्ला के वित्तीय केंद्र की खुफिया जानकारी का खुलासा किया है। गौरतलब है कि एक साल से इस्राइल और हमास के बीच जारी जंग की लपटें अब लेबनान और ईरान तक पहुंच चुकी हैं। गाजा में हमास प्रमुख याह्या सिनवार और बेरूत में हिजबुल्ला चीफ हसन नसरल्ला को मार गिराया जा चुका है। इस बीच अब इजरायल ने कहा है कि जिस बंकर में नसरल्ला मारा गया वहां खजाना ही खजाना है। यह खुलासा बीती रात इस्राइली वायुसेना द्वारा किए हवाई हमलों के बाद हुआ। हमलों का मकसद ईरान समर्थित आतंकी संगठन हिजबुल्ला की अपने ऑपरेशन को फंड देने की क्षमता को कमजोर करना था। आईडीएफ के मुताबिक, यह सीक्रेट बंकर बेरूत के बीचों-बीच अल साहेल अस्पताल के नीचे है। यह हसन नसरल्ला का बंकर है, जहां अरबों का सोना और नकदी है।

आईडीएफ के प्रवक्ता रियर एडमिरल डेनियल हगारी ने कहा, अस्पताल के नीचे छिपे इस बंकर में 50 करोड़ डॉलर की नकदी और सोना रखा हुआ है, यानी करीब 4194,50,25,000 रुपयों का खजाना। इस पैसे का इस्तेमाल लेबनान राज्य के पुनर्निर्माण के लिए किया जा सकता है। हमने इन वित्तीय ठिकानों पर सटीक हमले किए। हालांकि, हगारी ने यह नहीं बताया कि हमले में पूरा पैसा नष्ट हो गया या नहीं।

**मेट्रो एंकर**

### भारतीय बाजार मे मौका देख कर लौटी अमेरिकी कंपनी

# 6 साल पहले हताश होकर बोरिया-बिस्तर समेटा,अब फिर मार्केट में एंट्री मारी

**नई दिल्ली , एजेंसी।**

भारतीय बाजार की ग्रोथ निवेशकों को आकर्षित कर रही है। इस बाजार में अपना भविष्य देखते हुए विदेश से भी कंपनियां भारत आने लगी हैं। खास बात यह है कि इनमें कुछ तो कंपनियां ऐसी भी हैं, जो पहले यहां से अपना कारोबार बंद करके जा चुकी थीं और अब फिर शामिल हो रही हैं। इनमें से ही एक कंपनी होमकेयर सॉल्यूशंस प्रोवाइड करने वाली अमेरिका की दिग्गज कंपनी बिस्सेल है। यह कंपनी 6 साल पहले भारत से जा चुकी थी, लेकिन अब फिर एंट्री मारी है। कंपनी का कहना है कि भारत का बाजार तेजी से विकसित हो रहा है और वह इस मौके को हाथ से जाने देना नहीं चाहती है। इस अमेरिकी दिग्गज कंपनी का कहना है कि वह इस बार लंबे समय के लिए भारत आई है। कंपनी ने कहा कि शुरुआत के कुछ साल तक बिजनेस भारत में छोटा रहेगा, लेकिन उसके बाद इसमें तेजी आने की पूरी उम्मीद है, क्योंकि भारत में इस कैटेगरी में तेजी से विस्तार हो रहा है।




दरअसल, यह कंपनी अमेरिका, यूरोप, चीन, ऑस्ट्रेलिया और अफ्रीका में स्थित है और डेढ़ सौ साल पुरानी इस कंपनी ने भारत में वैक्यूम क्लीनर बेचने के लिए डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी केविटेक ग्लोबल के साथ डील की है।

इस कंपनी की कहानी 6 साल पहले भारत में बंद हुई थी तब कंपनी यूरेका फोर्ब्स के साथ पायलट प्रोजेक्ट में शामिल हुई थी, लेकिन फिर मतभेदों के कारण उसने भारत से अपना बोरिया बिस्तर समेट लिया था। अब इस कंपनी ने भारत में पोर्टेबल वेट एंड ड्राई वैक्यूम क्लीनिंग सिस्टम लॉन्च किया है। साथ ही कंपनी की भारत में कॉर्डलेस स्टिक वैक्यूम भी पेश करने की योजना है। कंपनी अगले साल तक क्रोमा, रिलायंस डिजिटल और विजय सेल्स के साथ पार्टनरशिप करके ऑफलाइन स्पेश में उतर सकती है। हालांकि अभी भारत में कंपनी प्रोडक्ट्स नहीं बना रही है। ये कंपनी अमेरिका और अन्य जगहों पर प्रोडक्ट्स बनाकर भारत में सेल करेगी. कंपनी का कहना है कि अभी भारत में प्रोडक्ट्स मैन्युफैक्चरिंग पर फोकस नहीं हैं. बाद में इसपर विचार किया जा सकता है। कंपनी ने कहा कि अगर उसका कारोबार भारत में बढ़ता है तो वह आगे भारत में मैन्युफैक्चरिंग पर भी विचार करेगी।







राजधानी में इन दिनों दीपावली का बाजार कई जगहों पर सज गया है। गौहर महल में पारंपरिक दीवाली की कई कलात्मक सामग्रियों के लिए भी स्टाल लगाए गए हैं। यहां भी खरीदारों की भीड उमड रही है। वहीं नये व पुराने शडर के बाजारों में भी अब देर रात तक रौनक हैं और लोग खरीदारी कर रहे हैं।

# एजुकेशन वर्ल्ड स्कूल रैंकिंग में मॉडल स्कूल शामिल



**भोपाल. दोपहर मेट्रो।**

एजुकेशन वर्ल्ड स्कूल रैंकिंग में भोपाल का शासकीय मॉडल हायर सेकेंडरी स्कूल टीटी नगर लगातार तीसरी बार टॉप 10 में जगह बनाकर हैट्रिक लगाने वाला मध्यप्रदेश का पहला एवं एकमात्र स्कूल बना है। मॉडल हायर सेकेंडरी स्कूल ने एजुकेशन वर्ल्ड की ओर से जारी सरकारी स्कूलों की रैंकिंग में लगातार तीसरे साल उत्कृष्ट जगह बनाई है। इस वर्ष एजुकेशन वर्ल्ड द्वारा जारी रैंकिंग में मॉडल स्कूल को सातवां स्थान मिला है। एजुकेशन वर्ल्ड शिक्षकों एवं अभिभावकों के लिए एक पोर्टल है, जो हर साल स्कूलों की रैंकिंग जारी करता है। यह रैंकिंग विद्यालय के पिछले परीक्षा परिणाम, सांस्कृतिक गतिविधियों, इंफ्रास्ट्रक्चर, शिक्षकों की उपलब्धता एवं उनका आउटपुट, मेंटल-इमोशनल सेवाओं, खेल, अकादमिक गतिविधियों और अन्य आधारों पर की जाती है। इन सभी क्षेत्रों में उपलब्धि के आधार पर पूरे भारत से स्कूल चयनित कर उसके आधार पर निर्धारित मानकों से अंक दिए जाते हैं।

स्कूल में उपलब्ध सुविधाओं के आधार पर मार्किंग की जाती है। माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा संचालित मॉडल हायर सेकेंडरी स्कूल टीटी नगर, भोपाल लगातार 3 वर्ष से शिक्षा की गुणवत्ता में व्यापक सुधार करने में सफल रहा है। स्कूल शिक्षा एवं परिवहन मंत्री उदय प्रताप सिंह ने मॉडल स्कूल को श्रेष्ठ प्रदर्शन के आधार पर वर्ल्ड रैंकिंग में स्थान मिलने पर खुशी जाहिर की है।

## श्रमोदय मॉडल आईटीआई में प्रवेश के लिए 30 तक आवेदन

**भोपाल।** श्रम विभाग द्वारा नीलबढ़ स्थित श्रमोदय आदर्श औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान मुगलिया छाप में संचालित पाठ्यक्रमों में प्रवेश के प्रकिया शुरू कर दी गई है। इच्छुक अभ्यर्थी 30 अक्टूबर तक आवेदन कर सकते हैं। प्राचार्य आईटीआई एस. एस. मिश्रा द्वारा दी गई जानकारी अनुसार इच्छुक अभ्यर्थी ऑनलाइन माध्यम से अपने स्तर से अथवा एमपी ऑनलाइन के अधिकृत सहायता केंद्र से ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। प्रवेश विवरणिका कौशल विकास संचालनालय की वेबसाइट पर उपलब्ध है। उल्लेखनीय है कि श्रमोदय मॉडल आईटीआई में कुल इंजीनियरिंग 08 ट्रेड वेल्डर, इंटीरियर डिजाइन एण्ड डेकोरेशन,इंटरनेट ऑफ थिंग्स (स्मार्ट सिटी), फैशन डिजाइन एण्ड टेक्नोलॉजी, एडवांस सीएनसी मशीनिंग, टेक्नीशियन मेकाट्रॉनिक्स, सिविल इंजीनियरिंग असिस्टेंट, इलेक्ट्रीशियन संचालित है, जो इंजीनियरिंग एवं नॉन इंजीनियरिंग है। संस्था में 04 ट्रेड एक वर्षीय एवं शेष 04 ट्रेड दो वर्षीय पाठ्यक्रम के संचालित है।

## कोलार में डेढ़ साल से समस्या

# लो-फ्लोर बसों का रूट बदलने से यात्री परेशान

**भोपाल. दोपहर मेट्रो।**

कोलार रोड पर करीब 2 साल से सिक्सलेन सडक का निर्माण चल रहा है। ऐसे में निर्माण कार्य के कारण डेढ़ साल से लो-फ्लोर बसों की आवाजाही दूसरे रूट से की गई थी। इस दौरान कोलार मुख्य मार्ग में चूनाभट्टी नहर चौराहे से लेकर गेहूंखेड़ा तहसील चौराहे के बीच करीब छह किलोमीटर के क्षेत्र में डाइवर्ट रूट से ये बसें आवाजाही कर रही है।

अब लोगों की मांग है कि सिक्सलेन सडक का काम पूरा हो चुका है, तो फिर से इन बसों को अपने पुराने रूट पर चलाना चाहिए। इससे इन बसों में सफर करने वाले 10 हजार लोगों को सुविधा हो। कोलार सिक्सलेन सडक का काम पूर्ण हो चुका है। ऐसे में नगर निगम प्रशासन को अपने पुराने रूट पर ही इन लो-फ्लोर बसों को संचालित करना चाहिए, जिससे प्रतिदिन 8 से 10 हजार यात्रियों को आवाजाही में सुविधा मिल सके। नगर निगम एडीसी निधि सिंह ने बताया कि कोलार सिक्सलेन सडक का काम लगभग पूर्ण हो चुका है। आवाजाही के लिए सिक्स लेन सडक उपयोग में आने लगी है। ऐसे में हम आरटीओ से बात करके पुराने रूट का ही परमिट लेकर बसें संचालित करेंगे, जिससे जनता को राहत मिल सके।

### यह था पहले रूट

कोलार रोड पर कई रूट की लो-फ्लोर बसें संचालित हो रही है। यह बसें पहले चूनाभट्टी चौराहे से स्वर्ण जयंती पार्क, सर्वधर्म ब्रिज, सर्वधर्म कॉलोनी, मंदाकिनी चौराहा, महाबली नगर, बीमाकुंज, बंजारी चौराहा, अनुपम अस्पताल तिराहा, कोलार थाना, ललिता नगर होते हुए गेहूंखेड़ा नहर चौराहे से आगे जाती थी। लेकिन सडक निर्माण के कारण रूट डायवर्ट किया गया था।

### अभी यह है बसों का रूट

बताया जा रहा है कि अभी यह बसें चूनाभट्टी नहर चौराहे से लेकर शाहपुरा मंदिर तिराहा, बाबा नगर, शाहपुरा थाना तिराहा, इंडस कैंपस, जेके ब्रिज, जेके अस्पताल, दानिशकुंज गोल चौराहा, गिरधर परिसर, सुमित्रा परिसर, बांसखेड़ी होते हुए प्रियंका नगर से गेहूंखेड़ा नहर चौराहे तक पहुंच रही है।



### ऑटो चालकों की मनमानी से बिगड़ी व्यवस्था

वर्तमान में लो-फ्लोर बसें कोलार में रोड से आवाजाही नहीं कर रही हैं। इसका फायदा ऑटो चालक उठा रहे हैं। इस रूट पर अभी सैकड़ो ऑटो संचालित हो रहे हैं, जो बिना अनुमति चल रहे हैं। ये अपनी मनमानी और अधिक किराया वसूल कर यात्रियों को लाने और ले जाने का काम कर रहे हैं। इतना ही नहीं यह ऑटो ट्रैफिक व्यवस्था को भी बिगाड़ रहे हैं। कहीं पर भी इन्हें खड़ा कर दिया जाता है और कहीं पर भी सवारियां देखकर इनके ब्रेक लगते हैं। इससे कई बार एक्सीडेंट के हालात भी बनते हैं।

# कॉलेज में स्टूडेंट काउंसिल का शपथ ग्रहण समारोह

▶▶ असफलता, सफलता के लिए पुर्नमूल्यांकन का देती है मौका

**हिरदाराम नगर. दोपहर मेट्रो।**



संत हिरदाराम गर्ल्स कॉलेज में अकादमिक सत्र 2024-25 के लिए स्टूडेंट युनियन काउंसिल के नवनिर्वाचित सदस्यों के शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया। महाविद्यालय के निदेशक हीरो ज्ञानचंदानी एवं प्राचार्या डॉ. डालिमा पारवानी ने नव-निर्वाचित काउंसिल सदस्यों को उनके पद और उत्तरदायित्वों के बारे में बताया।

समारोह के आरंभ में ज्ञानचंदानी ने कहा कि नेतृत्व एक महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है। कर्तव्य पथ पर आगे बढ़ते हुए आप सभी को अपने देश तथा संस्था के लिए कठिन परिश्रम करना है। सतत् प्रयास आपको उद्देश्य तक जरुर पहुंचाएगा। महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. डालिमा परवानी ने कहा कि प्रत्येक छात्रा को अपना लक्ष्य स्पष्ट होना चाहिए। यदि आप कभी असफल होते हैं तो निराश न हो बल्कि पुनर्मूल्यांकन करें फिर आगे बड़े। स्टूडेंट यूनियन काउंसिल का उद्देश्य नेतृत्व कौशल का विकास करना और विद्यार्थियों में सामाजिक जिम्मेदारी का भाव जगाना है। इस काउंसिल के सदस्य महाविद्यालय के अनुशासन, शैक्षणिक गतिविधियों और सांस्कृतिक कार्यक्रमों में सक्रिय भूमिका निभाएंगे। कार्यक्रम की समन्वयक डॉ. सुनीला चैबे ने यूनियन काउंसिल की छात्राओं को शपथ दिलवाई। आपने छात्राओं को अधिकारों और कर्तव्यों के प्रति जागरूक रहने और महाविद्यालय के विकास में सहयोग देने के लिए प्रेरित किया।

## दिवाली और धनतेरस पर हाई अलर्ट पर रहेंगी 108 एम्बुलेंस

**भोपाल।** दीपोत्सव के दौरान किसी भी तरह की अनहोनी से बचने के लिए मप्र की राजधानी में तैयारियां कर ली गई हैं। धनतेरस और दिवाली पर 108 एम्बुलेंस सिस्टम और उसका इमरजेंसी रिस्पांस सेंटर हाई अलर्ट पर रहेंगे। इसके लिए 108 एंबुलेंस प्रबंधन ने निर्देश जारी कर दिए हैं। नए शहर, पुराने शहर, कोलार, बाग सेवनिया, रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, गांधीनगर, गांधी मेडिकल कॉलेज, एमपी नगर, टीटी नगर, बिट्टन मार्केट, हमीदिया निशातपुरा, बैरसिया रोड समेत अन्य 48 प्रमुख लोकेशन पर 108 एंबुलेंस उपलब्ध रहेंगी। वाहन में इमरजेंसी मेडिकल टेक्नीशियन तैनात रहेंगे, जिससे लोगों को प्री हास्पिटल केयर की सुविधा मिल सकती है।



## बजरंग सेना समिति ने दिया जरुरतमंदों को वाकर

**हिरदाराम नगर।** गुरुकृपा एसोसिएटस पर हनुमानजी की आरती कर जरुरतमंदों को वाकर भेंट किये गये। कार्यक्रम के अंत में प्रसादी वितरण किया गया। समिति अध्यक्ष कमलेश देवानी ने बताया कि सेवा केवल उन लोगो तक दी जाएगी जो वाकई जरुरतमंद है उसके लिए उन्हे आधार कार्ड दिखाना पडेगा जिससे पता चल सके वो लोकल रहवासी है।अंत में समिति अध्यक्ष को बधाई दी गयी। बधाई देने वालों में भाजपा नेता महेश खटवानी, बजरंग सेना समिति के अर्चक पुरोहित, राज कुमार गर्ग, मुख्य सलाहाकार रुप कुमार सोनी, सलाहाकार प्रभु मूलचंदानी, उपाध्यक्ष राज बिजोरिया, जीतू शिवनानी, महासचिव गुरदास रामचंदानी, सचिव जगदीश सावले, एडवोकेट बृजकिशोर सेन आदि उपस्थित थे।

**मेट्रो एंकर** वार्ड चार और पांच में लगे पोल और लाइटें

# 11 लाख की लागत से लगीं हाई मास्ट लाइटें

**हिरदाराम नगर. दोपहर मेट्रो।**

गिदवानी पार्क में दुर्गोत्सव से पहले हाई मास्क लाइट लगाने को कहा था विधायक रामेश्वर शर्मा ने लेकिन, दुर्गोत्सव बाद लाइटें पार्क में रोशन हो सकीं। वार्ड चार व पांच के कई इलाकों में हाई मास्क लाइट एवं विद्युत पोल का लोकार्पण सोमवार को विधायक रामेश्वर शर्मा ने किया।

**गिदवानी पार्क हुआ रोशन**

वार्ड चार व पांच 11 लाख रूपये की लागत से नगर निगम ने लाइटें लगाई हैं। लाइट ऑन कम विधायक रामेश्वर शर्मा ने एमआईसी सदस्य हिंगोरानी की मौजूदगी में लोकार्पण किया। गिदवानी पार्क के अलावा मिनी मार्केट, बोरवन मार्ग, टी वार्ड में लाइटें लगाई गई हैं। विधायक रामेश्वर शर्मा ने कहा, भाजपा का जनप्रतिनिधि विकास के लिए प्रतिबद्ध है। हुजूर में विकास कार्यों की गति तेजी से चल रही है।



संतनगर में फाटक रोड पर बन रहा एफओबी मार्च 2025 तक पूरा हो जाएगा। साथ ही मेन रोड पर डबल डेकर एलिवेटेड ब्रिज का काम भी तेज हो गया है। ब्रिज बनने के बाद मेन रोड पर जाम की समस्या का स्थायी समाधान हो जाएगा। इंदौर-भोपाल और भोपाल-इंदौर के बीच चलने वाले यातायात का दबाव खत्म हो जाएगा।

हिंगोरानी ने कहा कि वार्ड की समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर निपटाया जा रहा है। समस्याओं का निदान मेरी ड्यूटी है। गिदवानी पार्क के विकास पर भी बड़ी राशि खर्च की जाएगी। कार्यक्रम में भाजपा जिला उपाध्यक्ष रामबंसल, भाजपा मंडल अध्यक्ष कमल वीधानी व शहर के गणमान्य नागरिक एवं रहवासी मौजूद थे।

## कुशीनगर एक्सप्रेस में नो रूम कई ट्रेनों में 50 से अधिक वेटिंग

**भोपाल।** त्योहारी सीजन शुरू हो गया है। आरक्षित टिकट काउंटर में भी यात्रियों की लंबी कतार लग रही है। सबसे अधिक वेटिंग बिहार, यूपी, दिल्ली, महाराष्ट्र, गुजरात सहित अन्य क्षेत्रों के प्रांतों की ओर जाने वाली ट्रेनों में है। ट्रेनों में लंबी वेटिंग आ रही है। यह वेटिंग लिस्ट नवंबर के दूसरे सप्ताह तक जारी रहेगी। नवंबर के पहले सप्ताह में दीपावली तो इसके बाद छठ पर्व आएगा। इसके चलते सभी ट्रेनों में वेटिंग लिस्ट आ रही है। भोपाल से पटना जाने वाली कई ट्रेनों नो रूम बता रहा है। वहीं रायपुर जाने वाली ट्रेनों में लगभग 100 वेटिंग चल रही है। दिल्ली की ओर जाने वाली ट्रेनों में भी लंबी वेटिंग आ रही है।

# क्षेत्रीय बोलियों में लघु फिल्म व नाटक बनाने वालों को मिलेगा प्रोत्साहन, मुख्यमंत्री ने इंफ्लुएंसरों से की बात



भोपाल, दोपहर मेट्रो।

अब इंफ्लुएंसरों को भी सरकार रिझाने में जुटी है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने सोमवार को आवास पर बुंदेलखंड के कई इंफ्लुएंसरों से वन–टू–वन बात की। ये वे इंफ्लुएंसर थे जो कहीं न कहीं अपने कामों के जरिए बड़े वर्गों तक पहुंच बना चुके हैं। इनकी चिंता थी कि इनके कामों में सरकार की और से कोई सहयोग नहीं मिला, कई बार साइबर ठगों से भी उनको खतरा होता है। कई तरह के लोग फोन करके धमकाते हैं, जब शिकायत करते हैं तो कार्रवाही नहीं होती। ऐसे में वे अकेले पड़ जाते हैं। मुख्यमंत्री ने उनकी इस बात पर संज्ञान लिया और कहा कि जहां जरुरत होगी वहां सरकार प्रोत्साहित करेगी, सुरक्षा की गारंटी रहेगी। कोई ठग परेशान नहीं कर सकेगा, यदि करता है तो उससे उसी तरीके से निपटा जाएगा।

### बुंदेलखंड के थे ज्यादातर इंफ्लुएंसर

मुख्यमंत्री से उनके निवास पर मिलने पहुंचे ज्यादातर इंफ्लुएंसर बुंदेलखंड के थे जो क्षेत्रीय बोली में नाटक व लघु फिल्मे बनाते हैं। बुंदेलखंड की इंफ्लुएंसर बिन्नू रानी ने मुख्यमंत्री के साथ लाइव बातचीत की। बिन्नू ने बुंदेली में एकरिंग की तो मुख्यमंत्री समेत अधिकारी व अन्य ठहाके लगाने लगे। इस बीच बिन्नू ने सवाल–जवाब शुरू कर दिए। जिसका मुख्यमंत्री ने जवाब भी दिया। बिन्नू का असल नाम दीपा है और वह छतरपुर जिले की रहने वाली है, जो कक्षा पांचवी में पढ़ती है। बिन्नू का कुछ पूर्व पड़ोस के एक वरिष्ठ नागरिक से मामूली विवाद हो गया था। वह पानी बर्बाद होने पर आपत्ति ले रही थी और वरिष्ठ नागरिक बचाव कर रहे थे। यह बातचीत किसी ने रिकार्ड कर ली थी, जो बाद में सोशल मीडिया प्लेटफार्मों पर वायरल हो गई थी, जिसके बाद ही वह चर्चा में आई थी।

# आईएएस शैलबाला ने नियंत्रण से बाहर लाउडस्पीकर पर बेबाकी से बोलकर सिस्टम को घेरा

## सामान्य प्रशासन विभाग में अतिरिक्त सचिव है मार्टिन, डीजे की तेज आवाज के कारण बच्चे की मौत के बाद से एक्स पर लगातार है मुखर

**भोपाल, दोपहर मेट्रो। नियंत्रण से बाहर होते डीजे पर अब सरकार के लोग ही सरकार को घेर रहे हैं। इसमें सबसे प्रमुख नाम आईएएस और सामान्य प्रशासन विभाग की अतिरिक्त सचिव शैलबाला मार्टिन का है, वे पिछले एक सप्ताह से डीजे के अनियंत्रित उपयोग पर मुखर है। उन्होंने पिछले आठ दिनों में कई पोस्ट की हैं, जो डीजे के उपयोग से जुड़ी है। वैसे भी शैलबाला मार्टिन बेबाक बोलने के लिए जानी जाती रही हैं।**



असल में धार्मिक आयोजनों के नाम पर डीजे के उपयोग से समाज का एक बड़ा तबका परेशान है। तब भी सरकार का ध्यान इस ओर नहीं है। यह समाज के प्रत्येक वर्ग को प्रभावित कर रहा है। विशेषज्ञों के मुताबिक डीजे की आवाजें इतनी तेज और बेस इतना हाई करके चलाया जा रहा है कि घरों के दरवाजे–खिलकियों में कंपन जैसी स्थिति निर्मित हो रही है। यह खतरनाक स्थिति प्रत्येक धर्म के लोगों को मुश्किलों में डाल रही है। हाल ही में एक धार्मिक आयोजन के दौरान तेज डीजे के बीच एक बच्चे की तबीयत बिगड़ गई और उसकी मौत हो गई। यह घटना भोपाल की है, जिसको डीजे के तेज आवाज आई हाई बेस के कारण होना बताया जा रहा है, हालांकि अब तक इसकी कोई आधिकारक पुष्टि नहीं हुई है। आईएएस शैलबाला मार्टिन समेत देश के कई विशेषज्ञ इस घटना पर बहस कर रहे हैं। कुछ बातें हाल के दिनों में सोशल मीडिया प्लेटफार्मों पर निकलकर आई है। जिसमें शैलबाला मार्टिन की वे पोस्टें भी हैं, जो उन्होंने डीजे के अनियंत्रित उपयोग को लेकर की है। जिसमें कहा है कि यह समस्या किसी एक की नहीं है, बल्कि सभी को परेशान कर रही है, कहीं न कहीं, इसको लेकर ठोस कदम उठाने की जरुरत है। हालांकि जमीनी स्तर पर इसको लेकर प्रशासन में कोई हलचल नहीं है। जिम्मेदार प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड तक को पता नहीं है कि डीजे संचालक किस तरह ढील का फायदा उठाकर डीजे का उपयोग कर रहे हैं।



महर्षि वाल्मीकि जयंती पखवाड़े के समापन समारोह में शामिल हुए मुख्यमंत्री।

## महर्षि वाल्मीकि पखवाड़े के समापन कार्यक्रम में पहुंचे सीएम

# मुख्यमंत्री ने वाल्मीकि समाज को दिया मदद का भरोसा

भोपाल, दोपहर मेट्रो।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने वाल्मीकि समाज के लोगों को हर संभव मदद का भरोसा दिया है। समाज के लोगों ने उनके सामने कई विषय रखे थे जिस पर उन्होंने यह बात कही। मुख्यमंत्री सोमवार रात को लालघाटी स्थित गुफा मंदिर परिसर में महर्षि वाल्मीकि जयंती पखवाड़े के समापन कार्यक्रम में पहुंचे थे। समाज के पदाधिकारियों द्वारा मुख्यमंत्री को एक पत्र भी सौंपा था। इस मौके पर समाज के कई लोग मौजूद थे। मुख्यमंत्री ने कहा है कि महर्षि वाल्मीकि ने भगवान श्रीराम की गौरव गाथा लिपिबद्ध की। उस युग में मुद्रण सुविधा नहीं थी, लेकिन ताड़ के पत्तों पर भगवान श्रीराम के विविध पक्षों को लिखकर आदर्श स्थापित किया, जो कि बहुत बड़ा काम है। उसी काम की वजह से पूरी दुनिया भगवान श्रीराम के आदर्शों को जी रही है।

**समाज का बढ़ रहा मान:** राज्य सभा सदस्य और राष्ट्रीय संत कालयोगी उमेश नाथ महाराज ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. यादव वाल्मीकि जयंती पखवाड़े में वाल्मिकी धाम उज्जैन भी पहुंचे थे, उन्होंने महर्षि वाल्मीकि के सम्मान में हुए कार्यक्रम को प्राथमिकता दी। वे किसी को गिरिजन या हरिजन न मानकर सम्मानित नागरिक मानते हैं। प्रधानमंत्री मोदी द्वारा अयोध्या में वाल्मीकि के नाम से एयरपोर्ट का नामकरण महर्षि वाल्मीकि विमानतल किया गया। इसके साथ ही उच्च सदन में वाल्मीकि समाज के व्यक्ति को बैठाया गया। ये सभी समाज का मान–सम्मान बढ़ाने वाले विषय है।

# मोबाइल के इस्तेमाल से बच्चों की आंखों की सेहत पर असर

## राज्य शिक्षा केंद्र ने 8वीं कक्षा के प्रोजेक्ट में किया शामिल

भोपाल, दोपहर मेट्रो।

मोबाइल और लगातार स्क्रीन के इस्तेमाल से बच्चों की आंखों की सेहत पर असर पड़ रहा है। प्रदेश के 50 हजार स्कूलों में इसके लिए एक स्टडी कराई जा रही है। इसमें करीब 30 लाख बच्चे भागीदार बनेंगे। हर बच्चे को दस लोगों का ब्योरा जमा करना है, यानी तीन करोड़ लोगों की नजरों का ब्योरा जमा किया जाएगा। राज्य शिक्षा केन्द्र ने प्रोजेक्ट के रूप में इस स्टडी को प्रस्तावित किया है।



कक्षा आठवीं के बच्चों को राज्य शिक्षा केन्द्र ने इसका प्रोजेक्ट दिया है। स्टडी में बच्चों को अपनी आंखों पर लगे चश्मे का नंबर लिखना है। उसके बाद उन्हें पता करना होगा कि परिवार में माता-पिता, दादा दादी और नाना नानी को चश्मा लगा है या नहीं। अगर लगा है तो कब से और उसका नंबर क्या है। स्कूल स्तर पर डाटा जमा किया जाएगा। बाद में इसे जिला और फिर राज्य स्तर पर इकट्ठा किया जाएगा।

**प्रोजेक्ट पर मिलेंगे अंक :** यह प्रोजेक्ट परीक्षा हिस्सा रहेगा। विद्यार्थियों को अंक दिए जाएंगे। शिक्षकों को भी भागीदारी बनाया गया है। राज्य शिक्षा केन्द्र संचालक हरजिंदर सिंह ने इसके संबंध में निर्देश दिए हैं।

**ये रखे गए बिंदु:** 12 साल की उम्र कितने बच्चों को चश्मा लगा। नंबर क्या है। माता-पिता से पूछना होगा कि चश्मा लगने का कारण क्या है। 10-10 बुजुर्गों की स्थिति। उन्हें किस नंबर का चश्मा लगा और कब। टीवी और मोबाइल का उपयोग बच्चे कितने समय तक करते हैं। आंखों की सेहत ठीक रखने क्या किया जा सकता है।

# महिला वर्क-फोर्स के रिसोर्स पूल तैयार करने बनेगा ऑनलाइन पोर्टल: मंत्री भूरिया

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।** महिला-बाल विकास मंत्री निर्मला भूरिया की अध्यक्षता में मंत्रालय में मप्र वित्त एवं विकास निगम की 79वीं संचालक मण्डल की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में वर्तमान कार्यों की प्रगति तथा निगम के सुदृढ़ीकरण के लिये नवीन प्रस्तावों पर विस्तृत चर्चा की गई। मंत्री भूरिया ने कहा कि महिला-बाल विकास विभाग का मुख्य उद्देश्य महिलाओं का सशक्तिकरण है। महिला वित्त विकास निगम इसमें अहम भूमिका निभा सकता है। उन्होंने कहा कि निगम के माध्यम से प्रदेश के महिला वर्क-फोर्स के लिये रिसोर्स पूल तैयार करें। निगम ऑनलाइन पोर्टल तैयार कर प्रदेश की महिला वर्क-फोर्स की कौशल दक्षता का परीक्षण कर उन्हें कुशल, अर्द्ध-कुशल तथ अकुशल श्रेणी में वर्गीकृत करें।

**मेट्रो एंकर** शिक्षकों को 30 नवंबर तक टैबलेट हर हाल में खरीदकर बिल भेजने के लिए कहा

# टैबलेट योजना में रुचि नहीं दिखा रहे शिक्षक, सिर्फ 7331 ने टैबलेट खरीदे

भोपाल, दोपहर मेट्रो।

प्रदेश के सरकारी स्कूलों में पढ़ाने वाले शिक्षक सरकार की टैबलेट योजना में रुचि नहीं दिखा रहे हैं। नतीजन 35732 शिक्षकों में से सिर्फ 7331 ने टैबलेट खरीदे हैं, जबकि राज्य शिक्षा केंद्र ने माध्यमिक शालाओं के शिक्षकों को 30 नवंबर तक टैबलेट हर हाल में खरीदकर बिल भेजने के लिए कहा है।स्टार्स परियोजना के तहत सरकार टैबलेट खरीदने के लिए प्रति शिक्षक 15 हजार रुपये का भुगतान करेगी। सबसे बेकार स्थिति उमरिया व सिंगरोली जिले की है। सिंगरौली में 434 शिक्षकों में मात्र 9 व उमरिया में 409 शिक्षकों में सिर्फ 6 ने ही टेबलेट खरीदे हैं। भोपाल जिले में 577 शिक्षकों में से 221 ने ही टैबलेट को खरीदी की है। विभाग के अनुसार टैबलेट शिक्षक खुद खरीदेंगे। इसके बाद टैबलेट का बिल एवं स्पेशिफिकेशन एमपी स्टेट इलेक्ट्रॉनिक्स डेवलपमेंट कॉरपोरेशन के सहयोग से तैयार माड्यूल में दर्ज किया जाएगा, जिसके बाद शिक्षकों के खातों में यह राशि भेजी जाएगी। इस राशि को चार साल में 3750 रुपए के मान से वेतन से काट लिया जाएगा। चार साल बाद टैबलेट शिक्षकों का पर्सनल हो जाएगा।



**यह है पूरा मामला :** दरअसल, सरकारी स्कूलों को स्मार्ट बनाने के लिए स्कूल शिक्षा विभाग ने नवाचार किया है। इसी के तहत पिछले सत्र में प्राथमिक, हाईस्कूल और हायर सेकेंडरी स्कूलों में पदस्थ शिक्षकों को टैबलेट खरीदने के लिए शासन ने राशि उपलब्ध कराई थी। अब माध्यमिक शालाओं में पदस्थ 75 हजार से अधिक शिक्षकों को भी टैबलेट खरीदने के लिए राशि दी जा रही है। इसमें पहले चरण में 35732 के लिए बजट दिया है। यह राशि करीब दो माह पहले जारी कर दी गई थी। शासन की मंशा है कि दिसंबर 2024 से पहले शिक्षकों से टैबलेट खरीदने की प्रक्रिया पूरी करा ली जाए। इसलिए माध्यमिक शालाओं के शिक्षकों को कहा गया था कि 30 नवंबर तक टैबलेट हर हाल में खरीदकर उसका बिल राज्य शिक्षा केंद्र को भेज दें, जिससे राशि का भुगतान 31 दिसंबर से पहले उनके खातों में कर दिया जाए।



## संपादकीय

# तालमेल कम तकरार ज्यादा

महाराष्ट्र व झारखंड में विधानसभा चुनाव के साथ ही तेरह राज्यों की चार दर्जन सीटों पर उपचुनाव ने एक बार फिर विपक्षी दलों के इंडिया गठबंधन के समन्वय का इम्तिहान लेना शुरू कर दिया है। दरअसल हाल मबें हरियाणा विधानसभा चुनाव में हार के बाद जब इंडिया ब्लॉक को ज्यादा तालमेल और एकजुटता दिखाने की जरूरत थी, तब झारखंड में सीट बंटवारे के सवाल पर उसमें बिखराव नजर आया। आलम यह कि गठबंधन का पुराना सहयोगी दल आरजेडी साफ शब्दों में कह रहा है कि उसके सभी विकल्प खुले हैं। दिलचस्प है कि सीटों के बंटवारे पर घोषणा से पहले न केवल कांग्रेस नेता राहुल गांधी बल्कि आरजेडी प्रमुख तेजस्वी यादव भी रांची में थे। फिर भी, मीडिया में सीट बंटवारे पर सहमति का एलान करते हुए आरजेडी या लेफ्ट का प्रतिनिधित्व करने वाला कोई नहीं था। एकतरफा घोषणा कर दी गई कि 81 में से 70 सीटों पर कांग्रेस और झारखंड मुक्ति मोर्चा लड़ेंगे। बाकी सीटें अन्य दलों यानी आरजेडी और सीपीआई को दी जानी हैं। मगर किसे कितनी सीटें मिलेंगी, इसे लेकर फिलहाल अटकलबाजी ही चल रही है। कुछ ही समय पहले उप्र में हो रहे उपचुनाव के मद्देनजर समाजवादी पार्टी ने भी कुछ ऐसा ही किया था। कांग्रेस को विश्वास में लिए बगैर सात सीटों पर उसने अपने उम्मदीवार उतारने की घोषणा कर दी। वैसे तो राज्यों के चुनावों में पार्टियों का ऐसा रुख पहले भी दिखता रहा है, लेकिन खासकर हरियाणा विधानसभा चुनाव में कांग्रेस की हार के बाद क्षेत्रीय घटक दलों की ओर से उसे दबाव में लाने की कोशिश की जा रही है। तो क्या झारखंड में जेएमएम के साथ मिलकर दिखाया गया यह रुख उन दलों को कांग्रेस का जवाब माना जाए जो उसे दबाव में लाना चाहते हैं? वैसे, अगर पिछले चुनावों के आंकड़ों की कसौटी पर देखें तो सीट बंटवारे का जेएमएम-कांग्रेस फॉर्म्युला ज्यादा अटपटा नहीं है। पिछले विधानसभा चुनाव में आरजेडी ने सात सीटों पर प्रत्याशी उतारे थे और एक सीट पर उसे जीत मिली थी। पांच सीटों पर वह दूसरे नंबर की पार्टी थी। ऐसे में उसे छह सीटों की पेशकश एक स्तर पर तर्कसंगत लगती है। मगर उसका कहना है कि आपसी बातचीत से मिलजुलकर कोई रास्ता निकाला जाना चाहिए था। दूसरे शब्दों में, उसे कुछ ज्यादा सीटें दी जानी चाहिए थीं। खास बात यह कि कोई सर्वसम्मत फॉर्म्युला न निकाले जाने पर उसने 15 से 18 सीटें ऐसी बताई हैं जिन पर उसे भरोसा है कि राष्ट्रीय जनता दल, भाजपा को हरा भी सकता है। अगर इसे बढ़ा-चढ़ाकर दिया गया बयान मानें तो भी पार्टी इन सीटों पर इंडिया ब्लॉक की संभावनाएं बिगाड़ सकती है। उधर महाराष्ट्र में भी सपा दस से ज्यादा टिकट मांग रही है और हरचंद दबाव बना रही है। इधर उपचुनाव में भी तालमेल नहीं बनने का उदाहरण सामने आ रहा है। मप्र में बुधनी विस सीट पर कांग्रेस उम्मीदवार के साथ ही सपा ने भी उम्मीदवार उतार दिया है। सपा का यह उम्मीदवार कांग्रेस से ही सपा में शामिल हुआ है। उल्लेखनीय है कि हरियाणा में कुछ हजार वोटों के अंतर से भाजपा के हाथ तीसरी बार सत्ता की चाबी लग गई है, इसलिए यदि इंडिया ब्लाक में तालमेल का यह आलम होगा उसे नुकसान ही रहेगा। इसीलिये कांग्रेस के पास बेहतर रणनीति,चुनाव संयोजन व संवाद की जरूरत ज्यादा है। उसकी मुश्किल यह है कि एक चुनावी असफलता से उसका चार महीने पहले बना असर व राष्ट्रीय राजनीति में नया उभार फिर दांव पर लग गया है।

> अगर लोग अच्छा लिख नहीं सकते, तो वे अच्छा सोच नहीं सकते और यदि वे अच्छा सोच नहीं सकते तो फिर उनके लिए सोचने का काम कोई और करता है।
>
> – जॉर्ज ऑरवेल

## आज का इतिहास

- 1764 - मीर कासिम बक्सर की लड़ाई में पराजित हुआ।
- 1910 - ब्लांश एस स्कॉट अमेरिका में अकेले हवाई जहाज उड़ाने बनाने वाली पहली महिला बनीं।
- 1915 - न्यूयार्क में लगभग 25,000 महिलाओं ने मतदान के अधिकार की मांग को लेकर प्रदर्शन किया।
- 1942 - अल अलामीन के युद्ध में मित्र राष्ट्रों ने जर्मन सेना को पराजित किया।
- 1943 - नेता जी सुभाष चंद्र बोस ने आजाद हिंद फौज की 'झांसी की रानी ब्रिगेड़' की सिंगापुर में स्थापना की।
- 1946 - त्रिग्वेली (नार्वे) संयुक्त राष्ट्र संघ के प्रथम महासचिव नियुक्त। संयुक्त राष्ट्र महासभा की न्यूयार्क में पहली बार बैठक।
- 1958 - रूसी कवि एवं उपन्यासकार बोरिस पास्तरनाक को साहित्य का नोबेल पुरस्कार मिला।
- 1973 - अमेरिकी राष्ट्रपति रिचर्ड एम निक्सन वाटरगेट मामले में टेप जारी करने पर सहमत हुए।
- 1978 - चीन और जापान ने चार दशकों से चले आ रही शत्रुता को औपचारिक रूप से समाप्त किया।
- 1980 - लीबिया एवं सीरिया द्वारा एकीकरण की घोषणा।
- 1989 - हंगरी ने स्वयं को गणराज्य घोषित किया। हंगरी सोवियत संघ से 33 वर्षों के बाद आजाद होकर एक स्वतंत्र गणराज्य बना।
- 1998 - जापान ने द्वितीय विश्व युद्ध के बाद अपने पहले बैंक का राष्ट्रीयकरण किया।
- 2000 - अमेरिकी विदेशी मंत्री मेडलिन अल्ब्राइट की उत्तरी कोरिया के राष्ट्रपति किम जोंग ली के साथ ऐतिहासिक मुलाकात।
- 2001 - नासा के मार्स ओडिसी अंतरिक्ष यान ने मंगल ग्रह की परिक्रमा शुरू की।
- 2003 - अंतर्राष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी को ईरान ने अपनी परमाणु रिपोर्ट सौंपी।
- 2006 - सूडान सरकार ने संयुक्त राष्ट्र संघ के दूत को देश छोड़ने का आदेश दिया।

## निशाना

### उठ रही पुकार !



- कृष्णेन्द्र राय

लगातार ये हमले ।
उठ रही पुकार ।।
देने को जवाब अभी ।
हम कितने तैयार ?
रहा फिर आतंक ।
अपना पांव पसार ।।
अंतिम कब जवाब हम ।
देंगे आखिरकार ।।
बिलख रहे परिवार ।
रूदन हर तरफ छाया ।।
घड़ी आज वो आन ।
है दरकार सफ़ाया ।।
योजना तो फिर से ।
है त्वरित बनानी ।।
दहशतगर्द फिर से ।
कर रहे मनमानी ।।

# लोकतंत्र की कसौटी पर 'एक राष्ट्र, एक चुनाव'

■ शशि थरूर

भारतीय लोकतंत्र की गरिमा बचाने वाला एक अनुग्रह है- हालांकि कुछ लोगों के लिए यह भारत की सबसे अधिक परेशान करने वाली खामियों में एक होगा ङ्क कि व्यावहारिक रूप से यहां सदा कोई न कोई चुनाव चलता रहता है। इसलिए, पिछले आम चुनाव की गूंज जैसे ही खत्म हुई ङ्क जिसने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पद पर तो बनाए रखा, लेकिन बहुमत के बिना और गठबंधन सरकार के नेतृत्व के साथङ्क जल्द ही हरियाणा राज्य और केंद्र शासित प्रदेश जम्मू और कश्मीर में विधानसभा चुनाव के लिए मतदान हुआ। जिसके पिछले सप्ताह घोषित परिणामों ने राजनेताओं और चुनाव विशेषज्ञों, दोनों को चौंका दिया।हरियाणा में मोदी की भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने अप्रत्याशित जीत हासिल की, जहां पर उसकी हार की उम्मीद बताई जा रही थी। वहीं जम्मू-कश्मीर में विपक्षी कांग्रेस पार्टी ने अपने क्षेत्रीय सहयोगी नेशनल कॉन्फ्रेंस के साथ मिलकर जीत पाई, जबकि वहां पर चुनावों में किसी भी पार्टी या गठबंधन को बहुमत न मिलने के कारण त्रिशंकु विधानसभा की भविष्यवाणी की गई थी। जून के लोकसभा चुनाव में भी चुनाव पंडितों के कयास गलत निकले थे ङ्क उन्होंने भाजपा की तगड़ी जीत का अनुमान लगाया था ङ्क निश्चित रूप से भारत के मतदाता का अंदाज़ा पहले से नहीं लगाया जा सकता।



अपेक्षाओं को धता बताने के और अधिक मौके भारतीय मतदाताओं को शीघ्र ही मिलने जा रहे हैं। साल खत्म होने से पहले और दो राज्यों -महाराष्ट्र और झारखंड ङ्क में चुनाव होने जा रहे हैं। उनके बाद नंबर दिल्ली का होगा, जिसके संकटग्रस्त मुख्यमंत्री ने हाल ही में इस्तीफा देकर समय से पहले चुनाव कराने की मांग की है (जो वैसे भी अगले मार्च तक होने हैं)। दूसरे शब्दों में, चुनाव एक साथ होने के बजाय ङ्क भारत के 28 राज्यों और सात केंद्र शासित प्रदेशों में से हर कोई अपनी सरकारें चुनता है ङ्क भारत का यह चुनावी पंचांग अब बदलने की बात हो रही है।मोदी सरकार के लिए, यह सारी चुनाव से संबंधित अनिश्चितता बहुत दूर निकल चुकी है। वह चाहते हैं कि भारत एक निश्चित चुनावी कार्यक्रम स्थापित करे, जिसके अंतर्गत लोकसभा (संसद का निचला सदन), राज्यों की विधानसभाओं और स्थानीय निकायों, सभी के लिए हर पांच साल में एक ही तारीख को मतदान हो। पूर्व राष्ट्रपति राम नाथ कोविंद की अध्यक्षता वाली एक उच्च-स्तरीय समिति ने हाल ही में इस दृष्टिकोण का समर्थन करते हुए एक बृहद रिपोर्ट तैयार की, जिसे पीएम मोदी ने 'एक राष्ट्र, एक चुनाव' का नाम दिया है।

चुनावों की बारम्बारता वास्तव में किसी राष्ट्रीय सरकार के लिए एक चुनौती है। मसलन, जहां राज्य व स्थानीय चुनावों में अधिकांशतः स्थानीय मुद्दे प्रभावी होते हैं और अक्सर इन्हें राष्ट्रीय सरकार पर एक प्रकार के जनमत संग्रह के रूप में देखा जाता है। दूसरी ओर, स्वतंत्र चुनाव आयोग की आदर्श आचार संहिता के कारण चुनाव के दौरान शासन व्यवस्था ठप हो जाती है, ताकि कार्यकारी सरकार ऐसी नीतिगत घोषणाएं न करने पाए, जिससे कि मतदाता उनके पक्ष में मतदान करने के लिए प्रभावित हो। इसके अलावा, राष्ट्रीय नेता चुनाव वाले राज्यों में प्रचार करने में व्यस्त हो जाते हैं, जिनमें से प्रत्येक का अपना राजनीतिक इतिहास होता है और अक्सर, उनकी अपनी पार्टियां भी। पीएम मोदी और उनके गृह मंत्री अमित शाह अपने दस वर्षीय कार्यकाल के दौरान अंतहीन चुनावी अभियान में व्यस्त रहे, जिससे कि उनके अपने आधिकारिक कर्तव्यों के लिए बहुत कम समय बचा। प्रधानमंत्री मोदी की दलील है कि बार-बार चुनाव कराने से पैसा और समय दोनों बर्बाद होते हैं। हो सकता है उन्हें यह विचार भी आया होगा कि एक साथ चुनाव करवाने पर राष्ट्रीय पार्टियों और मुद्दों का फायदा राज्य चुनावों में मिल सकता है, ताकि राष्ट्र व्यापी चुनाव प्रचार में स्थानीय नेताओं और समस्याओं पर ध्यान केंद्रित करने की संभावना कम ही रहे।विपक्ष इस प्रस्तावित सुधार को खारिज करता है, यह इंगित करते हुए कि सभी चुनाव एक साथ करवाने पर खर्च में जो भी मामूली बचत हो पाएगी, उसके बरक्स,चुनाव अभियानों में जिस प्रकार बड़े पैमाने पर पैसा लगाए जाने से आर्थिकी को प्रोत्साहन मिलता है, उससे वंचित होने का नुकसान होगा। इससे भी महत्वपूर्ण यह है कि यह प्रस्ताव भारत के संघीय स्वरूप और विविधता को कुचलने का मंसूबा दर्शाता है, जोकि मोदी के एकात्मकवाद के प्रति लगाव को कार्यकुशलता के रूप में पेश करता है।

'एक राष्ट्र, एक चुनाव' के साथ सबसे बड़ी समस्या यह है कि यह अव्यावहारिक है, जिसको हम अपने अनुभवों से जानते हैं। स्वतंत्रता उपरांत, भारत ने एक ही तारीख पर चुनाव करवाने वाली व्यवस्था कायम की थी। लेकिन यह व्यवस्था 1952 से 1967 तक, केवल पंद्रह वर्षों तक चल पाई। इसकी वजह भारत की संसदीय प्रणाली के मूल में निहित है- सरकारों के लिए विधायी बहुमत बनाए रखना जरूरी है। यदि कोई सरकार अपना कार्यकाल समाप्त होने से पहले बहुमत खो देती है, तो नए चुनाव होने चाहिए। हो सकता है कोई सरकार अपना बहुमत बढ़ाने की इच्छा से समय पूर्व चुनाव करवाने के लिए कहे।यह अलग-अलग राज्यों में अलग-अलग समय पर हो गुजरा है,और राष्ट्रीय स्तर पर भी अनेक बार हुआ है और आगे भी होता रहेगा, खासकर कई राज्यों में गठबंधन सरकार होने के कारण। भारतीय राज्य अपनी लय पर चलते हैं, जोकि दिल्ली में संघीय प्रणाली का ढोल बजाने वालों से बहुत अलहदा है। एक राष्ट्रीय गठबंधन सरकार, जैसी वर्तमान में मोदी के नेतृत्व वाली है, वह भी गिर सकती है। तब क्या? निश्चित ही, किसी सरकार के लिए नए सिरे से चुनावी जनादेश प्राप्त किए बिना सत्ता में बने रहना अलोकतांत्रिक होगा। 'एक राष्ट्र, एक चुनाव' का विचार तभी अर्थपूर्ण हो सकता हैजब मुख्य कार्यकारी सीधे चुने जाएं ताकि उनका जनादेश विधायी बहुमत पर आधारित न हो ङ्क दूसरे शब्दों में, राष्ट्रपति प्रणाली। और, वास्तव में, भारत में राज्यों और यहां तक कि संघीय स्तर पर भी ऐसी व्यवस्था बनाने लिए विमर्श चलाया जा सकता है, लेकिन मोदी ऐसा नहीं कर रहे।

भारत के लोकतंत्रवादियों को लंबे समय से विश्वास है कि राष्ट्रपति प्रणाली तानाशाही को बढ़ावा देगी, और इसीलिए इसका विरोध किया जाना चाहिए। लेकिन संसदीय प्रणाली ने अपनी किस्म की निरंकुशता बनाई है, क्योंकि अति आत्मविश्वासी कार्यपालिका ने विधायी बहुमत को हथियार की तरह इस्तेमाल किया है। राष्ट्रपति प्रणाली में, कार्यपालिका एक स्वतंत्र विधायिका के प्रति जवाबदेह होगी,यह विधायिका को नोटिस बोर्ड और रबर की मुहर के रूप में इस्तेमाल नहीं कर सकती, जैसा कि भाजपा एक दशक से कर रही है।लेकिन यह विचार अभी केवल एक सोच भर है, और भारत की संसदीय प्रणाली के अंतर्गत, 'एक राष्ट्र, एक चुनाव' किसी काम का नहीं है। हर प्रकार से,जिस आखिरी चीज की आवश्यकता भारतीय लोकतंत्र को है, वह है कुछ चुनाव होते रहना, वह एकमात्र व्यवस्था जिसके जरिए हम -भारतीय जनता- सरकार की अति महत्वाकांक्षाओं के खिलाफ अपना मत दे सकते हैं। यह 'एक राष्ट्र, एक चुनाव' प्रस्ताव को मूलतः अलोकतांत्रिक बनाता है।

बहरहाल, हमें आगामी महीनों में होने वाले दो या तीन राज्यों में विधानसभा चुनावों का स्वागत करना चाहिए। शायद, भारतीय मतदाता अपने 'राजनीतिक आकाओं' को फिर से कुछ और चौंकाएंगे।

साभार- लेखक कांग्रेस के सांसद व पूर्व केंद्रीय मंत्री हैं, यह उनके विचार हैं

# चिंताजनक: जलवायु परिवर्तन और पक्षियों के प्रवास के बदलते स्वरूप

■ रोहित झा

संजलवायु परिवर्तन केवल एक चर्चा का विषय नहीं है। यह एक ऐसी घटना है जो हमारी प्राकृतिक दुनिया में महत्वपूर्ण बदलाव ला रही है। सबसे ध्यान देने योग्य प्रभावों में से एक पक्षियों के प्रवास के पैटर्न में बदलाव है। सदियों से कई पक्षी प्रजातियां पूर्वानुमानित मार्गों और समय का पालन करते रहे हैं, लेकिन वैश्विक तापमान बढ़ने के साथ ये पैटर्न तेजी से बदल रहे हैं।पक्षी इष्टतम प्रजनन स्थल और भोजन क्षेत्र खोजने के लिए प्रवास करते हैं। परंपरागत रूप से, ये यात्राएं इस तरह से की जाती हैं कि पक्षी प्रजनन स्थलों पर उस समय पहुंचते हैं जब भोजन के स्रोत- जैसे कीड़े और पौधे, प्रचुर मात्रा में होते हैं। हालांकि, बढ़ते तापमान के कारण ये संसाधन अब साल के शुरू में ही उपलब्ध हो रहे हैं।

गर्मी के कारण पौधे जल्दी खिलते हैं और कीट निकलते हैं, जिससे पक्षियों को अपने प्रवास के कार्यक्रम में बदलाव करना पड़ रहा है। नतीजतन, कई प्रजातियां अब अपने प्रजनन स्थलों पर पहले पहुंच रही हैं। हालांकि, सभी प्रजातियां इन बदलती परिस्थितियों में इतनी जल्दी समायोजित नहीं हो पाती हैं।उदाहरण के लिए, हिमालय के पहाड़ी क्षेत्रों में पाया जाने वाला एक सुंदर तीतर, हिमालयन मोनाल, पौधों की वृद्धि और कीटों के निकलने के समय में बदलाव का सामना कर रहा है। इस बेमेल के परिणाम स्वरूप मोनाल भोजन के स्रोतों की तलाश में आते हैं जो या तो समाप्त हो चुके होते हैं या प्रचुर मात्रा में नहीं होते, जिससे उनके प्रजनन और अपने बच्चों को सफलतापूर्वक पालने की क्षमता प्रभावित होती है।इसी तरह, चताका (पाइड कोयल) ने हाल के वर्षों में अपने आगमन के समय में बदलाव दिखाया है। परंपरागत रूप से यह पक्षी मानसून के आगमन के साथ आता था, लेकिन अब बारिश के पैटर्न और तापमान के बदलाव ने इसके आगमन को अनिश्चित बना दिया है।

**ब्लैक-टेल्ड गॉडविट-** एक लंबी दूरी का प्रवासी समुद्री पक्षी, जो साइबेरिया में प्रजनन करता है और भारत तथा ऑस्ट्रेलिया में सर्दियां बिताता है, भी जलवायु परिवर्तन से प्रभावित हो रहा है। समुद्र के स्तर में वृद्धि और ज्वार के पैटर्न में बदलाव भारतीय तटरेखा पर उनके भोजन के मैदानों की उपलब्धता को प्रभावित कर रहे हैं, जिससे उन्हें अपने प्रवास मार्गों में बदलाव करना पड़ रहा है।

**इंडियन स्कीमर (कैंची चोंच) एक लुप्तप्राय पक्षी जो नदी-द्वीपों पर प्रजनन करता है, इन परिवर्तनों को और स्पष्ट करता है। जलवायु परिवर्तन के कारण आर्द्रभूमि का नुकसान जलीय पक्षियों के लिए बड़ा खतरा बन गया है। स्कीमर के लिए बारिश में बदलाव और सिंचाई परियोजनाओं के कारण नदी के प्रवाह के पैटर्न में बदलाव उनके प्रजनन स्थलों को नष्ट कर रहा है, जिससे वे विलुप्ति के करीब पहुंच रहे हैं।ये उदाहरण जलवायु परिवर्तन के दूरगामी प्रभावों और हमारे पारिस्थितिकी तंत्र के नाजुक संतुलन को बाधित करने की इसकी क्षमता को उजागर करते हैं।**



इंडियन स्कीमर (कैंची चोंच) एक लुप्तप्राय पक्षी जो नदी-द्वीपों पर प्रजनन करता है, इन परिवर्तनों को और स्पष्ट करता है। जलवायु परिवर्तन के कारण आर्द्रभूमि का नुकसान जलीय पक्षियों के लिए बड़ा खतरा बन गया है। स्कीमर के लिए बारिश में बदलाव और सिंचाई परियोजनाओं के कारण नदी के प्रवाह के पैटर्न में बदलाव उनके प्रजनन स्थलों को नष्ट कर रहा है, जिससे वे विलुप्ति के करीब पहुंच रहे हैं।ये उदाहरण जलवायु परिवर्तन के दूरगामी प्रभावों और हमारे पारिस्थितिकी तंत्र के नाजुक संतुलन को बाधित करने की इसकी क्षमता को उजागर करते हैं। पक्षी पारिस्थितिकी तंत्र में परागणकर्ता, बीज फैलाने वाले और कीटों के शिकारी होते हैं। उनके प्रवास पैटर्न में बदलाव से खाद्य जाल पर व्यापक प्रभाव पड़ सकता है, जिसका असर अन्य जीवों और कृषि पर भी पड़ सकता है।उदाहरण के लिए, यदि पक्षी कीटों को खाने के लिए बहुत जल्दी या बहुत देर से आते हैं, तो फसलों को कीटों से अधिक नुकसान हो सकता है।

इन चुनौतियों का समाधान करने के लिए ठोस प्रयासों की आवश्यकता है। संरक्षण पहलों को महत्वपूर्ण आवासों की रक्षा और पुनर्स्थापना पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए, विशेष रूप से तटीय और आर्द्रभूमि क्षेत्रों में। अनुसंधान प्रवास पैटर्न में परिवर्तनों की निगरानी और भविष्यवाणी के लिए आवश्यक है।

नागरिक विज्ञान परियोजनाएं, जहां लोग पक्षियों के डेटा एकत्र करते हैं, विशेष रूप से महत्वपूर्ण हो सकती हैं। प्राकृतिक आवासों के संरक्षण के महत्व के बारे में बच्चों और वयस्कों को शिक्षित करने से सामूहिक प्रयास को बढ़ावा मिलेगा तथा संरक्षण के प्रति राजनीतिक इच्छाशक्ति में भी वृद्धि होगी।

- साभार

## टीएल बैठक में कलेक्टर ने की सीएम हेल्पलाईन तथा विभागीय गतिविधियों की समीक्षा



रायसेन, दोपहर मेट्रो।

कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित टीएल बैठक में कलेक्टर श्री अरविंद दुबे द्वारा सीएम हेल्पलाईन तथा विभागीय गतिविधियों की विस्तृत समीक्षा की गई। बैठक के प्रारंभ में कलेक्टर श्री दुबे ने विभागवार सीएम हेल्पलाईन की विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने सी तथा डी ग्रेड में शामिल विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्राथमिकता के साथ सीएम हेल्पलाईन में लंबित शिकायतों का समयावधि में संतुष्टिपूर्ण निराकरण सुनिश्चित कराएं। बैठक में कलेक्टर श्री दुबे ने 50 दिवस तथा उससे अधिक समयावधि की लंबित शिकायतों की विभागवार समीक्षा करते हुए निराकरण के निर्देश दिए। उन्होंने जिले में समर्थन मूल्य पर धान तथा सोयाबीन के उपार्जन हेतु किसान पंजीयन की जानकारी ली। इसके अतिरिक्त विभिन्न विभागों द्वारा संचालित योजनाओं तथा कार्यक्रमों के क्रियान्वयन की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ सभी पात्र हितग्राहियों तक सुलभता से पहुंचे, यह सुनिश्चित करें। बैठक में स्वास्थ्य, शिक्षा, लोक निर्माण विभाग, पीएचई, कृषि, महिला बाल विकास सहित अन्य विभागों की गतिविधियों तथा योजनाओं के क्रियान्वयन की प्रगति की भी समीक्षा की गई। बैठक में जिला पंचायत सीईओ श्रीमती अंजू पवन भदौरिया, अपर कलेक्टर श्रीमती श्वेता पवार सहित जिला अधिकारी उपस्थित रहे।

## शास.पॉलीटेक्निक महाविद्यालय रायसेन में डिप्लोमा प्रवेश हेतु काउंसलिंग 23 अक्टूबर तक

रायसेन, दोपहर मेट्रो।

शासकीय पोलीटेकनिक महाविद्यालय रायसेन में संचालित त्रिवर्षीय डिप्लोमा इंजीनिरिंग पाठ्यक्रमों सिविल इंजी., इलेक्ट्रानिक्स एण्ड टेलीकम्युनिकेषन इंजी., मैकेनिकल इंजी और इलेक्ट्रीकल इंजी. ब्रांच में सीएलसी के अतिरिक्त अंतिम चरण द्वारा 10वीं के आधार पर प्रथम वर्ष में एवं आईटीआई के आधार पर द्वितीय वर्ष में सीधे प्रवेष ले सकते है। इस हेतु ऑनलाईन रजिस्ट्रेषन दिनांक 09 अक्टूबर से प्रारंभ हो गए हैं जो कि 23 अक्टूबर तक किए जा सकते हैं। ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन उपरांत 23 अक्टूबर तक संस्था में उपस्थित होकर प्रवेश ले सकते हैं।

संस्था के प्राचार्य डॉ एसपी कोरी ने बताया कि वर्तमान में जो छात्र 10वीं के बाद ड्रापआउट है, रूक जाना नहीं स्क्रीम के है अथवा रेगुलर 11वी नही कर सकते उन्हें शासकीय पोलीटेकनिक महिवद्यालय रायसेन द्वारा डिप्लोमा के साथ-साथ एमपी बोर्ड से प्राईवेट 12वीं करने हेतु, साथ ही मप्र राज्य ओपन स्कूल एवं राष्ट्रीय ओपन स्कूलिंग संस्था से सीधे 12वीं करने हेतु आवष्यक विषयों की निःषुल्क कोचिंग एवं आवष्यक पुस्तकें संस्था द्वारा उपलब्ध कराई जाएगीं। जिसमें विद्यार्थियों को स्नातक एवं इंजीनिरिंग स्नातक (बी.टेक) करने का अवसर हमेषा सुरक्षित रहेगा। छात्रों के लिए डिप्लोमा के साथ 12वीं निःषुल्क करने और न्यूनतम फीस में समस्त सुविधाओं सहित इंजीनियर बनने का यह सुनहरा अवसर है। विद्यार्थियों को विस्तृत जानकारी डीटीई काउंसिलिंग पोर्टल स्ह्लद्र.द्वश्चश्ठ्ठ्यद्बठ्ठद्ग.द्द्श1.द्बठ्ठ से अथवा संस्था में उपस्थित होकर प्राप्त की जा सकती है। संस्था के संपर्क सूत्र मो.न. 9717581032, 9654929463, 9575110404 पर भी संपर्क किया जा सकता है।

### शहीद जवानों को पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई

# पुलिस स्मृति दिवस के अवसर पर पुलिस स्मृति परेड, शहीदों को याद किया





नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो।

लद्दाख के 'हॉट स्प्रिंग्स' में 21 अक्टूबर 1959 को भारी हथियारों से लैस चीनी सैनिकों द्वारा घात लगाकर किये गए हमले में 10 पुलिसकर्मी अपनी ड्यूटी के दौरान शहीद हो गये। तब से इन शहीदों और कर्तव्य निभाते हुए ड्यूटी के दौरान शहीद हुए सभी पुलिस कर्मियों को सम्मानित करने के लिए हर साल 21 अक्टूबर को 'पुलिस स्मृति दिवस' मनाया जाता है।

पुलिस लाइन नर्मदापुरम के शहीद पार्क में पुलिस स्मृति दिवस के अवसर पर पुलिस स्मृति परेड का आयोजन किया गया। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक डॉ गुरकरन सिंह द्वारा पूर्व में देश में शहीद हुए पुलिस अधिकारियों / कर्मचारियों का नाम वाचन कर उन्हें नमन किया गया। पुलिस स्मृति परेड में शहीदों को सलामी दी गई, तत्पश्चात परेड मार्च हुई। पुलिस महानिरीक्षक नर्मदापुरम जोन इरशाद वली, पुलिस उपमहानिरीक्षक नर्मदापुरम प्रशांत खरे , पुलिस अधीक्षक डॉ. गुरकरन सिंह सहित उपस्थित सभी अधिकारियों/कर्मचारियों द्वारा शहीद जवानों को पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई। पुलिस स्मृति दिवस के इस कार्यक्रम में नर्मदापुरम आयुक्त कृष्ण गोपाल तिवारी, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आशुतोष मिश्र ,एसडीओपी नर्मदापुरम पराग सैनी, डीएसपी ट्रैफिक संतोष मिश्रा, डीएसपी महिला सेल मोहन सारवान, रक्षित निरीक्षक श्रीमती स्नेहा चंदेल सहित पुलिस अधिकारी कर्मचारी, सेवानिवृत पुलिस अधिकारी उपस्थित रहे। परेड कमांडर रक्षित निरीक्षक श्रीमती स्नेहा चंदेल के नेतृत्व में जिला पुलिस बल एवं विशेष सशस्त्र बल द्वारा पुलिस स्मृति परेड संपन्न हुई।

### पुलिस जवानों को श्रद्धांजलि अर्पित..

स्थानीय पुलिस लाइन में स्थित पुलिस शहीद स्मारक पर सामाजिक समरसता राष्ट्रीय एकता मंच के सदस्यों ने उपस्थित होकर पुलिस के शहीद जवानों को श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर अध्यक्ष अरुण दीक्षित ने संबोधित करते हुए कहा कि बीएसएफ सीआरपी आईटीबीटी सशस्त्र बल एवं पुलिस के उन जवानों को श्रद्धांजलि दी जिन्होंने देश की आन बान शान के लिए अपने प्राणों को समर्पित किया श्रद्धांजलि कार्यक्रम में संरक्षक के एस राजपूत अशोक दीबोलिया मोहम्मद अकरम खान ललित यादव के एन त्रिपाठी मोहम्मद आदिल डॉ प्रदीप जैन डॉक्टर मयंक तोमर बद्री प्रसाद कौरव कमलेश हेमंत शर्मा तिवारी किरण शर्मा जय बाला निगम सहित संस्था के अन्य सदस्य उपस्थित हुए अंत में 2 मिनट का मौन रखते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की।

## पदोन्नति को लेकर सांसद व विधायक को सौंपा ज्ञापन

नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो।



आयुध निर्माणी कर्मचारी संघ इटारसी द्वारा ऑर्डिनेंस फैक्ट्री एवं भारत सरकार के विभिन्न संस्थानों में कार्यरत कर्मचारियों के प्रमोशन संबंधी मुद्दों पर राज्यसभा सांसद श्रीमती माया नारोलिया एवं लोकसभा सांसद दर्शन सिंह चौधरी, विधायक सीतासरन शर्मा को ज्ञापन सोपा गया।

ज्ञापन मे डीपीसी के लिए पात्रता सेवा में छूट जो कि वर्ष 2024 से बंद हो गई है , जिससे आयुध निर्माणी एवं भारत सरकार के संस्थानों में कार्यरत कर्मचारी को आर्थिक नुकसान के साथ-साथ क्वालीफाइंग सर्विस का भी नुकसान हो रहा है, उसके लिए भारत सरकार के डीओपीटी (कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग) मंत्रालय से वर्ष 2024, 2025 एवं 2026 के लिए आदेश करवाने के लिए यूनियन ज्ञापन सोपा गया एवं निवेदन किया गया कि माननीय सांसद महोदय इस विषय का जल्द से जल्द निराकरण करवाया जाए। जिस पर सांसद द्वारा यूनियन को आश्वास्त किया गया है।

भारत सरकार के डीओपीटी मंत्रालय द्वारा यदि वर्ष 2024, 2025 और 2026 के लिए पात्रता सेवा में छूट संबंधी आदेश किया जाता है, तो उससे लाखों कर्मचारी लाभान्वित होंगे इस अवसर पर भारतीय प्रतीक्षा मजदूर संघ के जेसीएम तृतीय सदस्य अमित बाजपेई यूनियन की ओर से कुलदीप चौधरी, योगेश पटेल,कृष्णा शर्मा, राजेश रोशन, नवल पटवा अजीत पटेल, स्वतंत्र मेहरा शामिल हुए।

## बीज विक्रय के लिए उद्यानिकी विभाग का लाइसेंस जरूरी

**रायसेन।** निजी बीज विक्रेता, सब्जी, मसाला, पुष्प एवं औषधीय फसलों के बीजों का व्यापार उद्यानिकी विभाग से लायसेंस लिये बिना विक्रय नहीं कर सकेंगे। उक्त बीजों के व्यापार करने के लिये विक्रेता को उद्यानिकी विभाग से लायसेंस लेना अनिवार्य किया गया है। बिना बीज लायसेंस के व्यापार करते पाये जाने पर विक्रेताओं के विरूद्ध बीज अधिनियम-1966 एवं बीज नियंत्रण आदेश 1983 में उल्लेखित प्रावधान अनुसार वैधानिक कार्यवाही की जायेगी, जिसकी सम्पूर्ण जवाबदेही सम्बन्धित निजी बीज विक्रेता की रहेगी।

## सुरक्षित दीपावली मनाएं, बिजली ट्रांसफार्मर के नीचे या उससे सटाकर न लगाएं पटाखा दुकान

रायसेन, दोपहर मेट्रो।

मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी ने भोपाल, नर्मदापुरम्, ग्वालियर एवं चंबल संभाग के 16 जिलों के विद्युत उपभोक्ताओं से अपील की है कि वे दीप पर्व पर विद्युत सुरक्षा एवं सावधानियां रखकर सुरक्षित दीपावली मनाएं। कंपनी ने सभी पटाका व्यवसायियों से अपील की है कि वे बिजली लाइन के नीचे, ट्रांसफार्मर के नीचे या उससे सटाकर दुकान न लगाएं क्योंकि इससे दुर्घटना होने की संभावना बनी रहती है और छोटी सी असावधानी बड़ी दुर्घटना का रूप ले सकती है।

कंपनी के नागरिकों ने अनुरोध किया कि वे पटाखे एवं आतिशबाजी का प्रदर्शन बिजली लाइनों के नीचे व आसपास न करें। कंपनी ने कहा है कि दीपावली पर्व पर प्रकाशीय साज-सज्जा के लिए उपभोक्ता अपने परिसर में विद्यमान बिजली कनेक्शन से स्वीकृत भार के अनुसार ही बिजली का उपयोग करें। बिना स्वीकृति के अतिरिक्त भार की वृद्धि एवं सीधे तार डालकर विद्युत अनधिकृत उपयोग नहीं करें। बिजली चोरी अथवा बिना स्वीकृति के संयोजित भार में वृद्धि अवैधानिक है और इसके लिए बिजली अधिनियम 2003 में जुर्माने का प्रावधान है। कंपनी ने मिठाई, मूर्तियां, साज-सज्जा, बर्तन व्यापारी, पटाखों की दुकाने एवं दीपावली पर्व से जुड़ी अन्य सामग्री के विक्रय हेतु लगाए जाने वाली अस्थाई दुकानों के प्रकाश व्यवस्था हेतु व्यापारी बंधुओं से अनुरोध किया है कि वे नियमानुसार अस्थाई कनेक्शन लेकर ही बिजली का उपयोग करें। कंपनी ने कहा है कि दीपावली पर्व पर अस्थाई दुकानों की स्थापना, बिजली ट्रांसफार्मरों एवं बिजली की लाइनों से सुरक्षित दूरी बनाकर ही स्थापित करें ताकि विद्युत दुर्घटनाओं से बचा जा सके। कंपनी ने सभी विद्युत उपभोक्ताओं से कहा है कि वैधानिक कनेक्शन लेकर ही बिजली का उपयोग करें।

## टंट्या मामा आर्थिक कल्याण योजना के तहत व्यावसाय के लिए 10 हजार से एक लाख तक ऋण

**रायसेन।** अनुसूचित जनजाति वर्ग के पात्र नागरिकों के लिए प्रदेश सरकार द्वारा टंट्या मामा आर्थिक कल्याण योजना के अंतर्गत 10 हजार रू से एक लाख रू तक स्वरोजगार परियोजनाओं के लिए ऋण उपलब्ध कराया जा रहा है। अनुसूचित जनजाति वर्ग के 18 से 55 वर्ष तक की आयु के ऐसे सदस्य जो साक्षर हैं तथा आयकर दाता नहीं हैं, उन्हें योजना अन्तर्गत बैंक के माध्यम से सेवा इकाई एवं खुदरा व्यवसाय के लिए ऋण उपलब्ध कराया जाता है। योजना के तहत ब्याज अनुदान वितरित/शेष ऋण पर 7 प्रतिशत की दर से अधिकतम पांच वर्षो तक नियमित रूप से ऋण भुगतान की शर्त पर दिया जाएगा। आवेदक एमपी ऑनलाइन पोर्टल samsat.mponline.mp.gov.in पर आवेदन कर सकते हैं। इसके पश्चात आदिवासी वित विकास निगम पर क्लिक करके योजना का ऑनलाईन आवेदन करना होता है। विस्तृत जानकारी के लिये कलेक्ट्रेट कार्यालय स्थित जिला जनजातीय कार्य तथा अनुसूचित जाति कल्याण विभाग कार्यालय, आदिवासी वित्त विकास निगम कार्यालय में सम्पर्क किया जा सकता है।

## विधानसभा स्तरीय मास्टर ट्रेनर्स पूरी गंभीरता से प्रशिक्षण प्राप्त करें: सिंह



सीहोर, दोपहर मेट्रो।

बुधनी विधानसभा उप निर्वाचन स्वतंत्र, निष्पक्ष, शांतिपूर्ण और सुगमता से बिना किसी व्यवधान के सम्पन्न कराने के लिए विधानसभा स्तरीय मास्टर ट्रेनर्स को कलेक्टर कार्यालय के सभाकक्ष में प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण के दौरान मतदान कर्मियों को मतदान से पूर्व, मतदान के दिन और मतदान समाप्ति के बाद के समस्त कार्य निष्पादन की संपूर्ण प्रक्रियाओं की विस्तार से जानकारी दी गई। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री प्रवीण सिंह ने कहा कि स्वतंत्र, निष्पक्ष और शांतिपूर्ण चुनाव संपन्न कराने में विधानसभा स्तरीय मास्टर ट्रेनरों की भूमिका अहम होती है। सभी पूरी गंभीरता से प्रशिक्षण प्राप्त करें। उन्होंने कहा कि पीठासीन अधिकारियों एवं मतदान कर्मियों को हर एक छोटी से छोटी जानकारी दी जाए ताकि मतदान सम्पन्न कराने में कोई कठिनाई न आए।

कलेक्टर श्री सिंह ने कहा कि मतदान दलों के सभी अधिकारी-कर्मचारियों को भारत निर्वाचन आयोग के सभी दिशा-निर्देशों की जानकारी दी जाए। उन्होंने कहा कि सफलतापूर्वक चुनाव संपन्न कराने के लिए सभी पोलिंग पार्टी को पूर्ण प्रशिक्षित करने का दायित्व मास्टर ट्रेनर्स का है। प्रशिक्षण के दौरान संयुक्त कलेक्टर श्री आनंद सिंह राजावत उपस्थित थे। प्रशिक्षण के दौरान जिला स्तरीय मास्टर ट्रेनर श्री राकेश बकोनिया, डॉ राजेश बकोरिया, डॉ अनूप सिंह, श्री उमेश भवसार, श्री लखन कलसिया, डॉ पंकज जैन, डॉ उदय डोलस द्वारा सीयू, बीयू एवं वीवीपैट के संयोजन एवं कार्यप्रणाली की विस्तार से जानकारी दी।

## बुधनी उप निर्वाचन के तहत स्वीप गतिविधियों के लिए कैलेंडर जारी

**सीहोर।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार बुधनी विधानसभा उप निर्वाचन 2024 के तहत निर्वाचन क्षेत्र में अनेक स्वीप गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री प्रवीण सिंह के निर्देशानुसार निर्वाचन क्षेत्र में आयोजित होने वाली स्वीप गतिविधियों का कैलेंडर जारी किया गया है। स्वीप गतिविधियों के लिए जारी कैलेंडर के अनुसार 23 से 31 अक्टूबर 2024 तक विधानसभा स्तर पर प्रिंट एवं इलेक्ट्रॉनिक मिडिया जागरूकता वाहनों एवं होर्डिंग द्वारा प्रचार-प्रसार एवं मतदान केन्द्र स्तर पर ऑटो रिक्शा मुनादी एवं बैनर पोस्टर द्वारा निर्वाचक नामावली में नाम जोडना तथा बीएजी एवं चुनाव पाठशाला द्वारा मतदाता जागरूकता हेतु परिचर्चा संबंधित गतिविधियां आयोजित की जाएंगी।

**मेट्रो एंकर**

### संभागीय जल उपयोगिता समिति की बैठक में बनी सहमति

# रबी फसलों की सिंचाई हेतु तवा जलाशय से 1 नवंबर से पानी छोड़ा जाएगा : संभागायुक्त

नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो।



रबि फसलों के लिए तवा जलाशय से 1 नवंबर को हरदा के लिए, 3 नवंबर को सिवनी मालवा के लिए, 5 नवंबर को इटारसी होशंगाबाद के लिए, 8 नवंबर से सोहागपुर के लिए सिंचाई हेतु पानी नहरो में छोड़ा जाएगा। तदाशय की सहमति सोमवार को नर्मदापुरम संभागायुक्त के जी तिवारी की अध्यक्षता में आयोजित संभागीय जल उपयोगिता समिति की बैठक में बनी। बैठक में हरदा कलेक्टर आदित्य सिंह, बैतूल के सभी संबंधित वरिष्ठ अधिकारी गण ऑनलाइन उपस्थित रहे। संभागायुक्त कार्यालय में आयोजित बैठक में अपर कलेक्टर नर्मदापुरम देवेंद्र कुमार सिंह, मुख्य अभियंता जल संसाधन विभाग नर्मदापुरम आर आर मीना, उपसंचालक कृषि जे आर हेडाऊ, संयुक्त आयुक्त विकास जी सी दोहर, कार्यपालन यंत्री तवा सिवनी मालवा श्रीमती राज्यश्री कटारे, कार्यपालन यंत्री नर्मदापुरम अंकित श्रॉफ सहित संबंधित अधिकारी गण उपस्थित रहे।संभागायुक्त ने निर्देश दिए की शासन के निर्देशानुसार हर हाल में टेल क्षेत्र तक सिंचाई हेतु तवा जलाशय का पानी पहुंचे, संभागायुक्त ने कहा कि इसके लिए हर संभव प्रयास सुनिश्चित किए जाएं। उन्होंने नहरो के साफ सफाई का कार्य एवं क्षतिग्रस्त लाइनों की मरम्मत का कार्य भी जल्द ही पूर्ण करने के निर्देश दिए। संभागायुक्त ने पानी छोड़ने के पश्चात नहरो की सुरक्षा एवं पानी टेल एरिया तक पहुंच रहा है कि नहीं यह सुनिश्चित करने के लिए जल संसाधन विभाग, पुलिस विभाग कृषि विभाग और विद्युत विभाग की संयुक्त टीम को पेट्रोलिंग करने के निर्देश दिए, ओर कहा कि आवश्यकता पड़ने पर पुलिस अधीक्षक इस कार्य के लिए कोटवारों की एवं कलेक्टर पटवारियो की ड्यूटी लगाना भी सुनिश्चित करेंगे। बैठक में बताया गया कि विद्युत विभाग किसानों को मोटर पंप के लिए अस्थाई कनेक्शन देंगे। कनेक्शन जल संसाधन विभाग एवं विद्युत विभाग की आपसी सहमति के आधार पर ही दिया जाएगा।

बैठक में मुख्य अभियंता जल संसाधन विभाग आर आर मीना ने बताया कि तवा जलाशय एवं मध्य जलाशय डोकरी खेड़ा में पूर्ण जल का भराव है। 12 मध्य परियोजनाएं हैं जिनमें भी जल का पूर्ण भराव है। तवा परियोजना एवं 216 मध्यम तथा लघु परियोजनाएं के माध्यम से नर्मदा पुरम संभाग के कुल 3 लाख 57 हजार 729 हेक्टेयर में रबि फसलों की सिंचाई करने का लक्ष्य रखा गया है। संभागायुक्त ने लोक निर्माण विभाग के कार्यपालन यंत्री संजय रैकवार को निर्देश दिए कि वह जलाशय से पानी छोड़ने से पूर्व लंबे समय से मांग की जा रही जमानिया पुल का निर्माण 29 अक्टूबर तक कंप्लीट कर दे। उन्होंने उपसंचालक कृषि हेडाऊ को निर्देश दिए कि कृषि विभाग किसानों को खाद बीज के वितरण को सुचारू रूप से संचालित करें।

### विधायक के प्रयासों से क्षेत्र को मिली सीएम राइस की सौगात

# विधायक उमाकांत के प्रयासों से स्वर्णिम विकास की ओर अग्रसर सिरोंज-लटेरी क्षेत्र





सिरोंज, दोपहर मेट्रो।

लटेरी पूर्व मंत्री गौ लोकवासी लक्ष्मीकांत शर्मा ने लटेरी को विकसित नगर बनाने का स्वप्न देखा था वह उनके अनुज विधायक उमाकांत शर्मा के प्रयासों से पूर्ण होता दिखाई दे रहा है। क्षेत्र को सीएम राइस स्कूल की सौगात, 50 बिस्तरों बाला आधुनिक सुविधाओं युक्त अस्पताल, लक्ष्मीकांत शर्मा स्मृति उद्यान, गौशाला निर्माण, चौड़ी-चौड़ी सड़कें, आधुनिक बस स्टैंड, रंग बिरंगी आकर्षक लाइटें बेहतरीन सफाई व्यवस्था, सुरक्षा के लिए पुलिस चौकी, विकाश रूपी गाथा का नया अध्याय विधायक उमाकांत शर्मा के द्वारा लिखा जा रहा हैं।

नगर देश के विकाश में धमनियों का काम करते है, जैसे शरीर में रक्त संचरण के लिए धमनियों की आवश्यकता होती ठीक उसी तरह देश का विकास करना है तो सर्वप्रथम नगरों का विकास करना जरूरी है। प्रदेश में डबल इंजन की सरकार है, सरकार द्वारा नगरों के विकास के लिए नई-नई नीतियां बनाई जा रही हैं। सरकार की इन नीतियों को विधायक उमाकांत शर्मा द्वारा अमलीजामा पहनाया जा रहा है नगर में पिछले कुछ सालों में हुआ विकास किसी से छिपा नहीं है। कई दशकों से लटेरी विकास के लिए तरस रही थी। अभी तक लटेरी में विकास के नाम पर सिर्फ खानापूर्ति की जाती थीं, इसका एक कारण था योग्य व्यक्ति का नगर परिषद अध्यक्ष न बन पाना। आज से तीन-चार साल पहले लटेरी नगर की जिन सड़कों पर चलने से लोग परहेज करते थे, सड़कों पर फैला अंधेरा मन में भय उत्पन्न करता था, लेकिन अब वे सड़कें निडर होकर चलने योग्य हो गई। यह सब कर दिखाया क्षेत्रीय विधायक उमाकांत शर्मा के मार्गदर्शन में नगर परिषद अध्यक्ष शैलेष संजय भंडारी ने अपनी योग्यता एवं कार्य कुशलता से लटेरी को विकास के पहले पायदान पर लाकर खड़ा कर दिया है।

सिरोंज विधान सभा के लटेरी क्षेत्र में अधिकांश जनसंख्या ग्रामीण क्षेत्रों में रहती है। इन ग्रामीण क्षेत्रों में शिक्षण संस्थाओं का अभाव है। इन ग्रामीण क्षेत्रों में शिक्षा के स्तर को ऊंचा उठने के लिए विधायक उमाकांत शर्मा ने अपने प्रयासों से लटेरी नगर में सीएम राइस स्कूल स्वीकृत करवाया है। नगर में करीब 38 करोड़ की लागत से सीएम राइस स्कूल का निर्माण किया जा रहा है। गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदाय हेतु नवीन शिक्षा नीति के दृष्टिगत सर्व संसाधन सम्पन्न विद्यालय की स्थापना के लिये विभाग द्वारा कार्ययोजना बनाई गई है। इस विद्यालय को एकीकृत रूप से स्थापित कर अध्ययन एवं अध्यापन तथा अधोसंरचना सुधार का कार्य किया जाएगा जिससे शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार आएगा। इस विद्यालय में अत्याधुनिक अधोसंरचना एवं उच्च दक्षता वाले शिक्षकों की व्यवस्था की जाएगी। सभी विद्यार्थी 21वीं सदी के कौशल अर्जित कर सकें इस हेतु गुणवत्तायुक्त स्मार्ट कक्षाएं, सभी प्रकार की प्रयोग शालाएं इत्यादि की व्यवस्था, विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास हेतु कला, संगीत, खेलकूद आदि की सुविधा परिवहन की भी सुविधा इस स्कूल में उपलब्ध कराई गई है।

### 50 विस्तर वाले अस्पताल की सौगात

लक्ष्मीकांत जी हमेशा चाहते थे कि नगर में एक भव्य हॉस्पिटल बने, उनके इस अधूरे स्वप्न को उनके अनुज विधायक उमाकांत शर्मा द्वारा पूरा किया जा रहा है। नगर के शमशाबाद रोड पर दस एकड़ जमीन में करीब 18 करोड़ रुपए की लागत से 50 बिस्तरों की क्षमता वाले शासकीय अस्पताल का निर्माण कार्य प्रगति पर है। इस क्षेत्र में कोई बड़ा अस्पताल नहीं होने से लोगों को 100 किमी दूर विदिशा 120 किमी भोपाल इलाज कराने जाना पड़ता है। इससे लोगों का समय अधिक लगता था और साथ ही पैसों की बर्बादी होती थी। नगर के पास आधुनिक सुविधाओं से युक्त शासकीय अस्पताल शुरू होने से लोगों को इलाज कराने की सुविधा होगी 50 बिस्तरों की क्षमता का अस्पताल खुलने से प्रसव कराने वाली महिलाओं को भी प्रसव कराने में आसानी होगी। अलग-अलग बीमारियों के मरीज और क्षेत्र के लोग आसानी से इलाज करा सकेंगे।

### नगर वासियों को जल्द मिलेगी नवीन बस स्टैंड की सुविधा

दरअसल इंदौर भोपाल गुना सागर विदिशा की ओर आने जाने वाली बसों के लिए ठहराव के स्थान की बड़ी समस्या थी। इसके अलावा अलग-अलग स्थान पर बसों के रुकने से यात्रियों को भी खासी परेशानी होती थी। विधायक प्रतिनिधि अत्तू भंडारी ने बताया कि विधायक उमाकांत शर्मा के मार्गदर्शन में करीब पांच करोड़ की लागत से आठ एकड़ क्षेत्र में नया बस स्टैंड बनकर तैयार हो रहा है। यह सर्व सुविधा युक्त बस स्टैंड होगाए जहां एक साथ 80 बसें खड़ी हो सकेंगी। यहां यात्रियों के लिए यात्री प्रतिक्षालयए टिकट बुकिंग काउंटर, सुलभ शौचालय कॉम्प्लेक्स ड्राइवर, कंडक्टर के लिए अलग से प्रतिक्षालय व शॉपिंग सेंटरए रेस्टोरेंट, होटल के अलावा नगर पंचायत द्वारा 54 दुकानों का निर्माण किया जा रहा है। इन दुकानों की ऑनलाइन टेंडर के माध्यम से नीलामी की गई है।

### तालाब के सौंदर्यीकरण से निखरेगी नगर की खूबसूरती

विधायक प्रतिनिधि अत्तू भंडारी ने बताया कि तालाब नगर की ऐतिहासिक धरोहर है इसके एक तरफ मस्जिद तो दूसरी तरफ हनुमान मंदिर स्थित है। इसका सौंदर्यीकरण करना हमारा परम कर्तव्य और दायित्व भी है। नगर परिषद द्वारा विस्तृत योजना बनाकर तालाब के सौंदर्य करण का कार्य किया जाएगा। तालाब गहरीकरण के साथ-साथ इसके घाटों का निर्माण भी किया जाएगा। तालाब में मिलने वाले गटर के गंदे पानी को एक नाले के माध्यम से बाहर निकाला जाएगा। तालाब के किनारों पर फल फूलदार वृक्ष भी रोपित किए जाएंगे। तालाब किनारे रोड साइड दुकानों का निर्माण भी किया जा रहा है। नगर से निकलने वाले गटर के पानी को नाली के द्वारा बेस्टवियर के आगे छोड़ा जाएगा, जिससे तालाब हमेशा साफ रहेगा।

### नगर को मिली अतिक्रमण रूपी अजगर से मुक्ति

अभी तक नगर अतिक्रमण रूपी अजगर के साये में समा जा रहा था, गलियां हो या चौक चौराहा हर जगह अतिक्रमण की विकराल समस्या थी। मेन रोड से भी सिंगल वाहनों को निकलने में परेशानी होती थी, सबसे ज्यादा समस्या बाजार में लगने वाले सब्जी के ठेलों से होती थी। नगर परिषद द्वारा न्यू सब्जी मंडी बनाकर उस समस्या का हल कर शैलेष संजय भंडारी ने अपनी कार्य कुशलता और दूरदर्शिता से नगर को अतिक्रमण मुक्त करने में अहम रोल अदा किया है। जहां पर सिंगल वाहनों को निकलने में परेशानी होती थी, वहां अब डबल वाहन आसानी से निकल रहे हैं।

### इनका कहना है -

*मेरे बड़े भ्राता गौ लोकवासी श्री लक्ष्मीकांत जी ने हमेशा क्षेत्र की देवतुल्य जनता की सेवा की है। मैं हमेशा उनके पद चिन्हों पर चलकर उनके अधूरे कार्यों को पूर्ण करने में लगा हुआ हूँ। क्षेत्र में विकास कार्यों के लिए निरंतर प्रयासरत हूं।*

***उमाकांत शर्मा, विधायक विधानसभा क्षेत्र सिरोंज***

## जिला जल उपभोक्ता समिति की बैठक सम्पन्न, विधायक शर्मा हुए शामिल, रखी समस्याएं



सिरोंज, दोपहर मेट्रो।

विदिशा कलेक्टर रौशन कुमार सिंह की अध्यक्षता में सोमवार को जिला जल उपभोक्ता समिति की बैठक आयोजित की गई थी। कलेक्ट्रेट के बेतवा सभागार में आयोजित इस बैठक में सिरोंज विधायक उमाकांत शर्मा, शमशाबाद विधायक सूर्यप्रकाश मीणा, बासौदा विधायक हरिसिंह रघुवंशी, विदिशा विधायक मुकेश टण्डन सहित समिति के अन्य सभी सदस्यगण मौजूद रहें। बैठक के दौरान जनप्रतिनिधियों के द्वारा दिए गए सुझावो पर अमल करने के निर्देश कलेक्टर श्री सिंह के द्वारा जल संसाधन विभागों के अधिकारियों को दिए गए हैं बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि नहरो के टेल क्षेत्र तक पानी शीघ्र पहुंचे इसके लिए बीच में कटाव संबंधी कार्य ना हो के लिए किसानो को जागरूक करने, बांधो से पानी छोड़ने से पहले संबंधित नहरो के रखरखाव के तमाम पैरामीटर पूरे किए जाए। जिसमें नहरो की साफ सफाई व मरम्मत कार्य भी शामिल है।

केथन डेम से सिर्फ पलेवा के लिए तथा नरेन डेम से पलेवा व एक पानी देने का निर्णय- बैठक में सिंचाई के साथ-साथ पेयजल आपूर्ति के लिए भण्डारित किए जाने वाले जल के संबंध में निर्णय लिया गया है। बैठक में बताया गया कि हलाली डेम से पांच नवम्बर को सिंचाई हेतु पानी छोडा जाएगा। डेम से पलेवा एवं दो पानी देने के लिए निर्धारित तिथियों अनुसार डेम के गेट खोलकर प्रदाय किए जाएंगे से कार्यपालन यंत्री रमेश चौहान ने अवगत कराया। वहीं केथन डेम से सिर्फ पलेवा के लिए तथा नरेन डेम से पलेवा व एक पानी जलभराव क्षमता के आधार पर दिया जाएगा कि जानकारी क्षेत्र की कार्यपालन यंत्री सुश्री प्रियंका भण्डारी के द्वारा प्रस्तुत की गई। इसी प्रकार जिले के अन्य बांधो में जल की उपलब्धता के अनुसार सिंचाई हेतु पानी छोडने का निर्णय लिया गया है।

कलेक्टर श्री सिंह ने कहा कि किसानो को प्राथमिकता के आधार पर पानी सिंचाई के लिए प्राप्त हो इसमें टेल क्षेत्र का विशेष ध्यान रखा जाए। दूरस्थ क्षेत्रो में पानी शीघ्र और उसी केपेसिटी क्षेत्र में पहुंचे जो निचले क्षेत्रो में मिलेगा। उन्होंने कहा कि सिंचाई संसाधनो में वृद्धि करना प्रमुख लक्ष्य है सभी सिंचाई परियोजनाओं के कमांड क्षेत्र के अंतर्गत हर खेत को सिंचाई हेतु जल पहुंचाने के लिए विभाग प्रतिबद्ध है ताकि सिंचाई परियोजना के जल का उच्चतम दक्षता पूर्ण उपयोग सुनिश्चित हो सकें। जल संसाधन विभाग के अंतर्गत योजनाओं के निर्माण से सिंचाई के अतिरिक्त पेयजल, औद्योगिक उपयोग तथा मत्स्य विभाग द्वारा मत्स्य पालन के लिए किया जाता है। बैठक में सिंचाई जलाश्यो में उपलब्ध जल की मात्रा के अनुसार रबी सिंचाई के लक्ष्यों का अनुमोदन किया गया है। सिंचाई प्रणाली की कमियों को दूर कर पानी का समुचित सदुपयोग करने, भू-गर्भीय व सतही जल का समुचित उपयोग करने, विद्युत कनेक्शन से पूर्व अनापत्ति प्रमाण पत्र, नहरो पर चल रहे विभिन्न सडक निर्माण कार्यो से अवगत कराते हुए निर्णय लिए गए है।

### जिले में उपलब्ध जल

उपलब्ध जल से 123523 हैक्टेयर में सिंचाई लक्ष्य निर्धारित किया गया है एवं पेयजल हेतु सम्राट अशोक सागर डैम से 19.39 डब्ड जल आरक्षित किया गया है और केथन डैम से सिरोंज शहर हेतु 4.25, सगड़ डैम से 4.19 , संजय सागर डैम से शमशाबाद शहर हेतु 1.56 तथा नहरिया समूह जल प्रदाय योजना हेतु 4.00 एमसीएम जल आरक्षित किया गया है साथ ही नगर पालिका विदिशा पर पिछ्ले वर्षों का बकाया जलकर 127.29 लाख रुपए जमा करने हेतु कलेक्टर महोदय द्वारा सीएमओ विदिशा को निर्देशित किया। उक्त बैठक में जल संसाधन विभाग की कार्यपालन यंत्री सुश्री प्रियंका भण्डारी, आलोक खरे के अलावा विधायक प्रतिनिधिगण, समेत अन्य विभागो के अधिकारी, कर्मचारी एवं समिति के सदस्यगण मौजूद रहें।

## पुलिस नहीं कर रही कार्रवाई एसडीएम को दिया आवेदन

**सिरोंज।** सोमवार को मंडी बाईपास रोड पर रहने वाले शिबू सैनी ने एसडीएम हर्षल चौधरी को आवेदन देते हुए बुजुर्ग पति पत्नी रोने भी लगे और अपनी पीड़ा सुनते हुए हुए कहा कि विनोद शर्मा के द्वारा मना करने के बाद भी हमारे घर में आता है कई तरह की धमकी आधी दे चुका है इसके कारण मेरा परिवार भयभीत है । धमकियां तथा गलत व्यवहार से परेशान होकर हमने पुलिस में भी आवेदन दिया पर कार्रवाई नहीं कर रही है इस वजह से और भी ज्यादा परेशान हमें किया जा रहा है । कई बार धमकियों के साथ धक्का मुक्की और मारपीट की घटना को भी अंजाम दे चुका है पूरे मामले की जांच कर कर कार्रवाई की जाए वहीं परिवार के साथ यह पहुंची बुजुर्ग महिला ने भी अपनी परेशानी बताते हुए का कि हम लोग वैसे ही बड़ी मुश्किल से अपना जीवन यापन कर रहे हैं दूसरी ओर पारिवारिक मामले में जबरन विनोद शर्मा आकर हमें और हमें परिवार को परेशान कर रहा है। कई बार हम लोग मना कर चुके कि हमारे घर में मत आया करो फिर भी आता है मना करते हैं तो हमें मारपीट करने और धमकियां भी देता है। क्योंकि हम गरीब इसीलिए दबंग व्यक्ति के दबाव में पुलिस भी हमारी नहीं सुन रही है एसडीएम से प्रार्थना करते हुए पूरे मामले की जांच की मांग की है।

## सिरोंज सहित 5 तहसीलों पचास सीटर छात्रावासो का निर्माण

**सिरोंज।** विदिशा पीएम जनमन अभियान के तहत विदिशा जिले में चिन्हित सहरिया जनजाति वर्ग के बच्चों को तमाम शैक्षणिक सुविधाएं मुहैया कराए जाने के प्रबंध सुनिश्चित किए जा रहे है। कलेक्टर रौशन कुमार सिंह के द्वारा पीएम जनमन कार्यो की समीक्षा हरेक सोमवार को लंबित आवेदनो की बैठक में की जा रही है। डीपीसी ने बताया कि विदिशा जिले में सहरिया जनजाति के बच्चों के लिए पांच नवीन छात्रावासो का निर्माण क्रमशः लटेरी, सिरोंज, शमशाबाद, बासौदा एवं त्योंदा में एक-एक छात्रावास भवन का निर्माण किया जाएगा। ततसंबंध में शासन स्तर से स्वीकृतियां प्राप्त हो चुकी है हरेक छात्रावास पचास सीटर का होगा। जिसमें सीएम राइज विद्यालयों के परिसर में बनाए जाने के कार्यो को प्राथमिकता दी जा रही है।

## हम्माल तुलावट यूनियन के जिला महामंत्री बने हाफिज कमर, मंडी में हुआ भव्य स्वागत



सिरोंज, दोपहर मेट्रो।

विदिशा में आयोजित हम्माल तुलावट यूनियन की बैठक में नवीन जिला कार्यकारणी का गठन किया गया। इसमें सर्व सहमति से हाफिज शम्स कमर को जिला महामंत्री के पद पर नियुक्त किया गया हे। बैठक में चेतन अहिरवार विदिशा जिला अध्यक्ष राजेश अहिरवार जिला उपाध्यक्ष महेश पटेल प्रवक्ता और गोपाल अहिरवार को सदस्य के रूप में नियुक्त किया गया। इसके उपरांत नवनियुक्त पदाधिकारियों का हार मालाओं से स्वागत किया गया।सिरोंज से हाफिज शम्स कमर के जिला महामंत्री बनने पर उनके शुभचिंतकों ने उन्हें बधाई दी।वहीं सोमवार को कृषि उपज मंडी परिसर में व्यापारियों और हम्माल तुलावट यूनियन ने हाफिज शम्स कमर का हार मालाओं पहनाकर भव्य स्वागत किया। इस दौरान अनाज तिलहन व्यापार संघ के अध्यक्ष समीर भार्गव,हम्माल तुलावट यूनियन के ब्लॉक अध्यक्ष अजीम गौरी, अल्ताफ खान, अमीर माविया, महफूज खान, शारिक खान, तबरेज आलम आदि मौजूद रहे।

## बाड़े में गांजे की खेती करने वाले आरोपी को डेढ़ लाख के मादक पदार्थ के साथ किया गिरफ्तार

सिरोंज, दोपहर मेट्रो।

जिले के कप्तान की कमान बदलते ही पुलिस महकमा भी सख्त हो गया अपराधी गतिविधियों में शामिल आरोपियों के साथ अवैध रूप से मादक पदार्थ का कारोबार करने वालों पर तेज गति से कार्रवाई हो रही है। पथरिया पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए ग्राम खूजा से घर के बाड़े में अवैध रूप से गांजे की खेती करने वाले आरोपी का खुलासा करते हुए उसके यहां से डेढ़ लाख के हरे गांजे के पौधों को भी बरामद किया है । पथरिया पुलिस ने छापा मार कार्रवाई करके आरोपी को भी गिरफ्तार किया है। पथरिया थाना प्रभारी ऋतुराज के नेतृत्व में टीम बनाकर मुखबिर की सूचना पर कार्रवाई की गई है। मामले की जानकारी देते हुए थाना प्रभारी में बताया कि पुलिस अधीक्षक रोहित काशवानी एंव अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक प्रशांत चौबे के द्वारा जिले मे नशामुक्ति के लिए आपरेशन अभिमन्यु चलाया जा रहा है। अभियान के पालन मे एसडीओपी कुरवाई मनीष राज के मार्गदर्शन में हमने मुखबिर की सूचना पर ग्राम कूजा में आरोपी फईम खान पिता सईद खान उम्र 50 साल निवासी खूजा के बाड़े में लगे हुए मादक पदार्थ गांजा के 30 हरे गीले पेड़ कीमती करीबन 1,50,000/- रूपए जप्त कर आरोपी को गिरफ्तार किया व अप.क्र. 151/24 धारा 8/20(I) एनडीपीएस एक्ट का पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया। आरोपी को न्यायालय विदिशा में पेश किया। विशेष भूमिका दृउपरोक्त कार्यवाही में उनि.ऋतुराज सिंह, आर. 918 अंकुश जाट, आर 1041 रवि जादौन, आर. 246 शुभेन्द्र चौहान, आर.1025 लखन राय, आर.970 प्रवीण शर्मा, आर.680 आशीष कुमार की विशेष भूमिका रही।

**मेट्रो एंकर**

### लंबित आवेदनों की हुई समीक्षा

## समस्याओं का शीघ्र करें समाधान : कलेक्टर सिंह



सिरोंज, दोपहर मेट्रो।

विदिशा कलेक्टर रौशन कुमार सिंह ने सोमवार को विभिन्न विभागो में लंबित आवेदनो के निराकरणों पर की गई कार्यवाहियों की गहन समीक्षा कलेक्टेउट के बेतवा सभागार कक्ष में की। इस बैठक में अपर कलेक्टर अनिल कुमार डामोर, संयुक्त कलेक्टर श्रीमती मोहिनी शर्मा, श्रीमती शशि मिश्रा, सुश्री निकिता तिवारी, विनीत तिवारी, विदिशा एसडीएम क्षितिज शर्मा के अलावा विभिन्न विभागो के जिलाधिकारी मौजूद रहें वही खण्ड स्तरीय अधिकारियों से वीडियो कांफ्रेसिंग के माध्यम से संवाद किया गया है।

कलेक्टर श्री सिंह ने सभी जिला व खण्ड स्तरीय अधिकारियों से कहा है कि समस्या संबंधी आवेदनो का निराकरण शीघ्र करें। खासकर ऐसी समस्या जिनका निराकरण जिला स्तर पर संभव है उन आवेदनों में किसी भी प्रकार की विलम्बता नहीं होना चाहिए। कलेक्टर ने सीएम हेल्पलाइन के तहत दर्ज आवेदनों के निराकरणो पर विशेष बल देते हुए कहा कि सितम्बर माह की लंबित शिकायतो के आधार पर जिलो की ग्रेडिंग रैकिंग सूची जारी की जाएगी। अतः सितम्बर माह के आवेदनों को सर्वोच्च प्राथमिकता से निराकरण करें। ऐसे आवेदन जिनका निराकरण जिला स्तर पर संभव नहीं है मांग संबंधी है अथवा न्यायालय से संबंधित है उन प्रकरणो के मामलो को विभाग प्रमुख को प्रेषित कर नियमानुसार फोर्सक्लोज कराने की कार्यवाही संपादित कराएं ताकि जिले में अधिक से अधिक आवेदनो का निराकरण संतुष्टिपूर्वक हो सकें।

कलेक्टर श्री सिंह ने कहा कि जिला व खण्ड स्तरीय अधिकारी स्वंय चेतन्य रहें ताकि किसी समस्या का जबाव किस स्तर पर देना है उसकी वस्तुस्थिति क्या है के संबंध में यदि कहीं कोई पूछताछ की जाती है तो फिंगर टिप्स पर जानकारियां हो। उन्होंने कहा कि रटा-रटाया जबाव कदापि नहीं होना चाहिए यदि कहीं किसी अधिकारी के द्वारा इस प्रकार के जबाव दाखिल किए गए है तो उनके खिलाफ कार्यवाही की जाएगी। कलेक्टर श्री सिंह ने लंबित आवेदनो की समीक्षा बैठक के दौरान जिले में खाद आपूर्ति के किए जा रहे प्रबंधो की भी समीक्षा की है। उन्होंने कहा कि जिले में सभी प्रकार के खादो की पर्याप्त मात्रा उपलब्ध हो के पुख्ता प्रबंध सुनिश्चित किए गए है। जिले को प्राप्त होने वाली खादो की रेक के वितरण में किसी भी प्रकार की कोताही ना बरती जाए का विशेष ध्यान रखा जाए। उन्होंने कहा कि डबल लॉक से समितियों को आवंटित किए जाने वाले खाद की मात्रा का उठाव व वितरण पोर्टल पर ऑन लाइन प्रदर्शित होना चाहिए। कलेक्टर श्री सिंह ने सभी एसडीएमों को निर्देशित किया है कि जिले में कहीं भी किसी भी प्रकार से खाद, यूरिया की कालाबाजारी ना हो इसके लिए स्वंय निरीक्षण तो करें ही साथ ही साथ किसानो से भी संवाद कर यह जाने कि उन्हें यूरिया की प्राप्ति निर्धारित मूल्यों पर हो रही है कि नहीं। उन्होंने निजी विक्रेताओं के यहां स्टॉक में गडबडी ना हो पर विशेष नजर रखने के निर्देश दिए है। कलेक्टर श्री सिंह ने उचित मूल्य दुकानो के माध्यम से राशन कार्डधारकों व पात्रता पर्ची धारियों को समय पर खाद्यान्न की प्राप्ति हो इसके लिए उठाव व वितरण के कार्यो की भी समीक्षा उनके द्वारा की गई। उन्होंने कहा कि जिले में पात्रतापर्ची धारको की संख्या बढी है इस कारण से खाद्यान्न पहुंचाने के कार्य करने वालो को पहले से अधिक जबावदेंही सौंपी जाए और उनके द्वारा खाद्यान्न पहुंचाने के राउण्डो में वृद्धि की जाए।




# इस सीजन में टोटेनहेम के मिकी सबसे तेज फुटबॉलर

### इंग्लिश प्रीमियर लीग
### 37.1 किमी प्रति घंटा की रफ्तार से खेले अब तक कार्लोस दूसरे स्थान पर

**लंदन. एजेंसी**

इंग्लिश प्रीमियर लीग के इस सीजन अब तक खेले गए 70 मैचों के आंकड़ों पर नजर डालें तो टोटेनहेम हॉटस्पर्स के स्टार खिलाड़ी मिकी वान डे वेन सबसे तेज फुटबॉलर रहे हैं। प्रीमियर लीग में उन्होंने 37.1 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार दर्ज की है, जो इस सीजन सबसे तेज है। इस बीच वोल्वस के कार्लोस फोर्ब्स दूसरे नंबर पर हैं, जिन्होंने 36.6 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से खेल दिखाया है। मैनचेस्टर सिटी के स्टार खिलाड़ी और कई रेकॉर्ड अपने नाम कर चुके अर्लिंग हॉलैंड 35.7 किमी प्रति घंटे की रफ्तार के साथ इस सूची में चौथे नंबर पर हैं।

### हॉलैंड दौड़े 28.2 किमी

आंकड़ों के अनुसार प्रीमियर लीग के अब तक खेले मैचों में मैनचेस्टर सिटी के अर्लिंग हॉलैंड ने 28.2 किलोमीटर की दूरी तय की। इस मामले में वेस्ट हेम के मैक्स किलमेन 27.5 किमी के साथ दूसरे नंबर पर हैं। टोटेनहेम के क्रिस्टियन रोमेरो 27.1 किमी के साथ तीसरे स्थान पर बने हुए हैं।

**अब तक सर्वाधिक दूरी तय करने वाले फुटबॉलर:** प्रीमियर लीग मैचों में 630 मिनट में साउथम्पटन के फ्लाइन डाउन ने कुल 84.2 किलोमीटर की दूरी तय की। इस मामले में वे इस सीजन आगे चल रहे हैं।

**नहीं टूटा कुलुसेवस्की का रेकॉर्ड:** लीग के एक मैच में सर्वाधिक दूरी तय करने का डेजान कुलुसेवस्की का रेकॉर्ड अब तक कोई तोड़ नहीं पाया है। डेजान ने पिछले सीजन मैनचेस्टर यूनाइटेड के खिलाफ खेले गए मैच में पूरे 13.2 किमी की दूरी तय की थी।

| खिलाड़ी क्लब अधिकतम गति (किमी/घंटा) | खिलाड़ी क्लब दूरी (किलोमीटर) |
|---|---|
| मिकी वान डे वेन टोटेनहेम 37.1 | फ्लाइन डाउंस साउथम्पटन 84.2 |
| कार्लोस फोर्ब्स वोल्वस 36.6 | ब्रूनो गुइमारेस न्यूकैसल 77.8 |
| एंथोनी एलांगा नॉटिंघम फोरेस्ट 35.9 | काइ हार्वेत्ज आर्सेनल 77.0 |
| अर्लिंग हॉलैंड मैनचेस्टर सिटी 35.7 | ड्विट मैक्नेल एवर्टन 76.7 |
| गेब्रियल मार्टिनेली आर्सेनल 35.6 | जेम्स जस्टिन लीसेस्टर 76.0 |

### पुणे में भारत ने एक मैच जीता है और एक में मिली है हार

# पुणे टेस्ट में तीन स्पिनर्स के साथ उतर सकता है भारत

**पुणे, एजेंसी**

भारत और न्यूजीलैंड के बीच पुणे में खेले जाने वाले दूसरे टेस्ट की पिच स्लो टर्नर हो सकती है। श्वस्क्क की रिपोर्ट के मुताबिक पिच के लिए काली मिट्टी का इस्तेमाल हुआ है। इस वजह से बेंगलुरु की तुलना में पुणे में कम बाउंस देखने को मिल सकता है। पुणे टेस्ट 24 अक्टूबर से शुरू होगा। बेंगलुरु में पहले टेस्ट मैच में मिली हार की वजह से रोहित शर्मा की कप्तानी वाली भारतीय टीम पर सीरीज़ जीतने और वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप (ङ्खञ्जष्ट) फ़ाइनल के लिए अपनी दावेदारी को मजबूत बनाए रखने का दबाव है। इसके लिए भारत का न्यूजीलैंड के खिलाफ अगले दोनों टेस्ट मैच जीतना जरूरी है। बेंगलुरु में बादल और बारिश ने बिगाड़ा था खेल पुणे में भारतीय टीम तीन स्पिनर्स के साथ उतर सकती है। ऐसे में एक बार फिर से रविचंद्रन अश्विन, रवींद्र जडेजा और कुलदीप यादव की तिकड़ी एक साथ खेल सकती है। बेंगलुरु के लिए भी टीम ने कुछ इसी प्रकार की स्ट्रैटिजी तैयार की थी लेकिन बादल छाए रहने (ओवरकास्ट कंडीशंस) और बीच बीच में बारिश होने के चलते एम चिन्नास्वामी स्टेडियम की पिच पहले दो दिनों में तेज गेंदबाजों के लिए मददगार हो गई थी। इसी वजह से भारत पहली पारी में 46 रन पर ऑलआउट हो गया था। पुणे में अब तक 2 टेस्ट मैच हुए महाराष्ट्र क्रिकेट स्टेडियम, पुणे में खेला जाने वाला यह तीसरा टेस्ट होगा। यहां पहला टेस्ट 2016-17 में खेला गया था जिसमें ऑस्ट्रेलिया ने तीसरे दिन टी ब्रेक होने से पहले 333 रनों के बड़े अंडर से भारत को हराया था।




### एक बार फिर टॉस हो सकता है महत्वपूर्ण

पुणे में दूसरा टेस्ट 2019 में भारत और साउथ अफ्रीका के बीच खेला गया था, जिसमें विराट कोहली ने दोहरा शतक लगाते हुए 254 रन की पारी खेली थी। भारत ने मैच को पारी और 137 रन से जीता था। इस मैच में भी स्पिनर्स को पहले दिन से ही टर्न मिलने लगा था। रिपोर्ट के मुताबिक टॉस के लगभग एक घंटे बाद ही पिच से सीम मूवमेंट खत्म हो जाएगी। ड्राई सरफेस होने के चलते यहां रिवर्स स्विंग मिल सकती है। ऐसी सिचुएशन में टॉस एक बार फिर महत्वपूर्ण हो सकता है। टॉस जीतने वाली टीम पहले बल्लेबाजी करना पसंद कर सकती है। महाराष्ट्र क्रिकेट स्टेडियम में भारत का हाईएस्ट स्कोर 601 रन महाराष्ट्र क्रिकेट स्टेडियम में अब तक 2 मैच हुए हैं। इसमें भारत ने ही सबसे ज्यादा और सबसे कम रन बनाया है। इसमें हाईएस्ट स्कोर 601 रन है जो भारत ने 2019 में साउथ अफ्रीका के खिलाफ पहली इनिंग में बनाया था, वहीं लोएस्ट स्कोर 105 रन है जो भारत ने 2017 में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ बनाया था। दूसरे और तीसरे मैच के लिए भारतीय टीम में वॉशिंगटन सुंदर शामिल न्यूजीलैंड के खिलाफ टेस्ट सीरीज के दूसरे और तीसरे मैच के लिए भारतीय टीम के स्क्वॉड में बदलाव हुआ है। ऑलराउंडर वॉशिंगटन सुंदर को टीम में शामिल किया गया है। सुंदर दूसरे टेस्ट से पहले पुणे में टीम से जुड़ेंगे। भारतीय टीम को न्यूजीलैंड के खिलाफ तीन मैचों की टेस्ट सीरीज के पहले मैच में में 8 विकेट से हार झेलनी पड़ी है। स्क्वॉड में आर अश्विन, रवींद्र जडेजा और कुलदीप यादव 3 स्पिनर पहले से मौजूद हैं।

# नडाल को हराने के बाद जोकोविच ने की भावुक अपील... 'टेनिस मत छोड़ो'

**रियाद. एजेंसी**

अगले महीने डेविस कप फाइनल के बाद संन्यास का ऐलान कर चुके स्पेन के दिग्गज टेनिस खिलाड़ी राफेल नडाल ने रेकॉर्ड 24 गैंड स्लेम खिताब जीत चुके सर्बिया के नोवाक जोकोविच के खिलाफ अंतिम मैच खेला, इसके साथ ही इस अद्भुत प्रतिद्वंद्विता का अध्याय भी बंद हो गया। सऊदी अरब के रियाद में आयोजित सिक्स किंग्स स्लैम एग्जिबिशन टूर्नामेंट के मैच में जोकोविच ने नडाल को 6-2, 7-6 से हराया। मैच के बाद उन्होंने नडाल को गले लगाया और अपने भाषण में उनसे टेनिस ना छोड़ने की अपील की। जोकोविच ने कहा, पिछले कुछ सालों में हमारे बीच कड़ी प्रतिद्वंद्विता रही, लेकिन वह बेहतरीन समय था। टेनिस मत छोड़ो। भावुक नडाल ने भी कहा कि उन्हें उम्मीद है कि वे फिर से कहीं साथ में दोस्तों की तरह मिलेंगे और समय बिताएंगे।



**'मैंने सपने साकार किए':** रेकॉर्ड 14 बार फ्रेंच ओपन और कुल 22 ग्रैंड स्लेम खिताब जीतने वाले नडाल ने कहा, मुझे रिटायरमेंट के बाद हर चीज की कमी खलेगी। लगभग 20 साल तक खेलना, प्रतिस्पर्धी होना और दुनिया के सर्वश्रेष्ठ स्थानों पर खेलने का मौका मिलना, यह सब मेरे लिए सपने के सच होने जैसा है। मैंने एक पेशेवर टेनिस खिलाड़ी बनने और एक सफल खिलाड़ी बनने के अपने सपने को साकार किया है। मैं लोगों को उनके समर्थन और प्यार के लिए जितना धन्यवाद दूं वह कम ही होगा। जोकोविच ने कहा, चोट और संघर्ष के बावजूद अभी भी नडाल को लड़ते हुए देखना अच्छा लगा। पूरे मैच में उन्होंने गजब का खेल दिखाया।




# क्लब वर्ल्ड कप में खेलेगी मेसी की टीम

**फोर्ट लॉडरडेल. एजेंसी**

अर्जेंटीना के महान फुटबॉलर लियोनल मेसी अगले साल क्लब वर्ल्ड कप में खेलते हुए नजर आएंगे। फीफा अध्यक्ष ने घोषणा की कि मेजर लीग सॉकर का प्रतिष्ठित क्लब इंटर मियामी इस टूर्नामेंट में खेलेगा। मेसी वर्तमान में इस क्लब के लिए खेलते हैं और उम्मीद की जा रही थी कि फीफा इंटर मियामी को इस इवेंट के लिए चुन सकता है। हर चार साल में खेले जाने वाले इस टूर्नामेंट में फीफा के छह फुटबॉल परिसंघों की 32 टीमें भाग लेती हैं।



## मेट्रो बाजार

# लोग करेंगे स्थानीय बाजार से खरीदारी, कई ने बजट भी बढ़ाया!

**नईदिल्ली, एजेंसी**

इस बार दीपावली पर बाजारों में अच्छी रौनक रहेगी और जमकर खरीदारी होने वाली है। देश के लोग दीपोत्सव पर इस बार ज्यादा खरीदारी करेंगे। उनके लिए त्योहारी माहौल सबसे ज्यादा आकर्षण है इसलिए वे ऑनलाइन के बजाय स्थानीय बाजारों से खरीदारी करेंगे। ऑनलाइन सर्वे में यह बात सामने निकल कर आई है। सर्वे में शामिल 59 फीसदी लोगों ने कहा कि वे स्थानीय बाजार से शॉपिंग करना पसंद करते हैं जबकि सिर्फ चार फीसदी लोगों ने ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म्स से खरीदारी की राय दी। वहीं 30 फीसदी ऑनलाइन व ऑफलाइन खरीदारी के पक्ष में हैं। इस सर्वे में दिलचस्प बात सामने आई कि 38 फीसदी लोगों के लिए त्योहारी माहौल ही दीपावली का सबसे बड़ा आकर्षण है। इससे जाहिर होता है कि माहौल देखने और खरीदारी के लिए लोग आने वाले दिनों में बाजार में उमड़ेंगे।



**इस बार बढ़ेगी बिक्री तो होगी कमाई:** उद्योग संगठन कैट के मुताबिक इस साल त्योहारी सीजन में पूजा सामग्री, रोजमर्रा के सामानों के साथ रेडीमेड कपड़ों, मकान और वाहन की बिक्री बढ़ने की उम्मीद है। फाडा के मुताबिक इस सीजन में 5.50 लाख से अधिक कारें बिकेंगी। कंसल्टिंग फर्म रेडसीर का कहना है कि महिलाओं-बच्चों के परिधान, आभूषण व एथनिक वियर की बिक्री 25 से 30 फीसदी बढ़ने की उम्मीद है। इलेक्ट्रॉनिक्स उपकरणों की बिक्री 20 फीसदी तो ग्रोसरी की बिक्री 40 से 45 फीसदी बढ़ने के आसार हैं। इससे कारोबारियों की आय बढ़ने की उम्मीद है। हालांकि, कीमतें बढ़ने से गोल्ड ज्वैलरी की बिक्री पर असर हो सकता है।

# ...इसलिए फेल हो जाते हैं ज्यादातर स्टार्टअप

**मुंबई, एजेंसी**

स्टार्टअप्स की सफलता ने युवाओं के सपनों को नए पंख लगा दिए हैं। देश के अधिकतर युवा अब जीवनभर नौकरी करने की चाहत नहीं रखते है, बल्कि अपनी किस्मत खुद लिखना चाहते हैं। कॉलेज से निकलने वाले अधिकतर युवा (फ्रेशर) अब अपना उद्यम शुरू करना चाह रहे हैं। एआइ आधारित रिक्रूटमेंट ऑटोमेशन फर्म हायर प्रो के अध्ययन में पता चला है कि देश के 67 फीसदी छात्र ग्रेजुएशन पूरा करने के 10 वर्षों के भीतर अपना कारोबार (स्टार्टअप) शुरू करना चाहते हैं।



**यहां आ रही दिक्कत:** स्टार्टअप के शुरुआती चरण में अधिकतर स्टार्टअप फाउंडर्स के पास मैनपावर का अभाव। स्टार्टअप फाउंडर्स के पास कोई मेंटर ही नहीं होता जो बता सके कि कब क्या करना है। फाइनेंस और कानूनी मोर्चे पर मार्गदर्शक का अभाव। अधिककर एंटरप्रेन्योर्स को यह गलतफहमी रहती है कि स्टार्टअप के सफल होने के लिए उत्पाद को लेकर इनकी विशेषज्ञता ही काफी है। स्टार्टअप इकोसिस्टम में कड़ी प्रतिस्पर्धा के कारण बाजार की मांग और जरूरत के हिसाब से प्रोडक्ट डेवलप नहीं करना। प्रोडक्ट कितना भी अच्छा हो, खराब मार्केटिंग स्ट्रैटजी स्टार्टअप को सफल नहीं होने देती।
**कॉलेज दे रहे साथ:** रिपोर्ट में कहा है कि खुद का उद्यम शुरू करने की युवाओं के इस सपने को कॉलेजों से भी प्रोत्साहन दिया जा रहा है। वहां उन्हें उद्यमिता का पाठ पढ़ाया जा रहा। सर्वे के मुताबिक, 36त्न से अधिक संस्थान उद्यमिता आधारित पाठ्यक्रम पेश करते हैं।

## मनोरंजन | बॉलीवुड का कोना



# 'रईस' के लिए माहिरा का नाम शाहरुख की सास ने सुझाया था

शाहरुख खान की फिल्म 'रईस' 2017 में रिलीज हुई थी, इस फिल्म में उनके अपोजिट पाकिस्तानी एक्ट्रेस माहिरा खान ने काम किया था। माहिर के साथ उनकी जोड़ी को दर्शकों ने पसंद भी किया था। लेकिन माहिरा का नाम फिल्म की हीरोइन के लिए कैसे सेलेक्ट हुआ, कौन था वह शख्स जिसने फिल्म रईस के लिए माहिरा का नाम सुझाया। शाहरुख खान के साथ हर एक्ट्रेस काम करना चाहती है। उनके साथ रोमांस करने का ख्वाब देखती है। लेकिन अगर यह मौका खुद चलकर सामने से आए तो किसी भी एक्ट्रेस के लिए यह बहुत बड़ी बात होगी। ऐसा ही कुछ पाकिस्तानी एक्ट्रेस माहिर खान के साथ भी हुआ। दरअसल, फिल्म रईस में उनकी कास्टिंग शाहरुख की सास के कारण हुई।

### सास देखती थीं पाकिस्तानी सीरियल

हाल ही में एक इंटरव्यू में फिल्म रईस के डायरेक्टर राहुल ढोलकिया ने माहिरा खान के सेलेक्शन के बारे में बताया। वह कहते हैं, हम फिल्म रईस के लिए शाहरुख के अपोजिट हीरोइन की तलाश कर रहे थे। इसी बीच शाहरुख खान की सास ने हमें माहिरा खान का नाम सुझाया। उन्होंने कहा यह अच्छी लड़की है। असल में शाहरुख की सास काफी पाकिस्तानी सीरियल दिखती थीं। इस तरह से हमें अपनी 'रईस' के लिए माहिरा खान के तौर पर हीरोइन मिल गई।

### शाहरुख ने भी की थी तारीफ

फिल्म में काम करने को लेकर माहिर खान उस समय काफी खुश थी लेकिन उन्हें घबराहट भी थी कि दर्शक शाहरुख और उनकी जोड़ी को पसंद भी करेंगे या नहीं? इस पर शाहरुख ने उन्हें भरोसा दिलाया था कि दोनों की जोड़ी पर्दे पर कमाल की लगेगी। बाद में यह बात सच भी साबित हुई। दर्शकों ने फिल्म रईस में शाहरुख और माहिर खान की जोड़ी को खूब सराहा। माहिर खान को जब फिल्म रईस में काम करने का मौका मिला था, उनकी भी खुशी का ठिकाना नहीं रहा था। यह उनके लिए बतौर एक्ट्रेस बहुत बड़ी बात थी। हाल ही में एक इंटरव्यू में माहिर ने कहा कि उन्होंने शाहरुख से एक अहम सबक सीखा कि खुशियों को मौका दो।

# 'सन ऑफ सरदार 2' में विजय राज की जगह अभिनेता संजय मिश्रा को मिला किरदार

'सन ऑफ सरदार 2' फिल्म में अजय देवगन के साथ संजय मिश्रा को देखा जाएगा। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार संजय मिश्रा को विजय राज की जगह मिली। उन्होंने बताया कि इस फिल्म में कैसे उन्हें अजय देवगन के कहने पर रोल मिला था। फिल्म में संजय मिश्रा को विजय राज की जगह किरदार मिला। इस हेर फेर को लेकर संजय मिश्रा ने कहा कि ईमानदारी से कहूं तो यह सब बिजनेस का हिस्सा है। उन्होंने कहा कि उन्हें अजय देवगन का फोन आया था। अभिनेता का वह एक कॉल ही उन्हें फिल्म में आने और विजय राज को बाहर करने के लिए काफी था।
**मेरे अच्छे अभिनय पर ध्यान दिया:** संजय मिश्रा ने कहा कि मैं फिल्म में विजय राज की जगह आए थे इसलिए उनके दिमाग में एक ही बात थी। उन्होंने कहा कि मेरे दिमाग में था कि मुझे अच्छा अभिनय करना चाहिए और अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना चाहिए क्योंकि मैंने विजय जैसे बेहतरीन अभिनेता की जगह ली है। वह दर्शकों और अजय को निराश नहीं करना चाहते, जिन्हें उन पर इतना भरोसा था। एक रिपोर्ट के अनुसार अजय देवगन की फिल्म में विजय राज आने वाली फिल्म में अहम भूमिका निभा रहे थे, खबरों की मानें को उन्हें फिल्म से हटा दिया गया है। वहीं, उनकी जगह संजय मिश्रा के कहा कि उन्होंने 'सन ऑफ सरदार 2' में अपने हिस्से की शूटिंग पूरी कर ली है। संजय मिश्रा ने कहा कि विजय राज उनके दोस्त हैं इसलिए फिल्म में उनकी जगह लेना उनके लिए आसान नहीं था। फिल्म में विंदू दारा सिंह, चंकी पांडे, संजय मिश्रा, नीरू बाजवा, दीपक डोबरियाल, मुकुल देव, कुबरा सैत, शरत सक्सेना, अश्विनी कालसेकर और रोशनी वालिया जैसे कई कलाकार नजर आएंगे। अजय और संजय के प्रशंसक लंबे समय से इसके सीक्वल का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं और हो सकता है कि यह फिल्म अगले साल रिलीज हो जाए।



# 'सिंघम अगेन' में हिस्सा न होने पर काजल ने तोड़ी चुप्पी

'सिंघम' फिल्म में काजल अग्रवाल ने अजय देवगन के साथ बॉलीवुड में डेब्यू किया था। काजल अग्रवाल को इस फिल्म के जरिए हिंदी सिनेमा में प्रशंसकों का प्यार भी मिला था। इसके बाद प्रशंसकों को काजल अग्रवाल को सिंघम अगेन में देखने की इच्छा थी। हालांकि, वह इस फिल्म का हिस्सा नहीं है, इसको लेकर उन्होंने बात की है। काजल ने कहा कि वह फिल्म का हिस्सा क्यों नहीं हैं, इसका जवाब देना थोड़ा मुश्किल है। वे चाहती थीं कि सिंघम अगेन का हिस्सा बनें। काजल ने कहा, एक एक्टर के तौर पर हम सभी को फिल्मों की जरूरत है। हम हमेशा यही चाहते हैं कि हम बनने वाली हर फिल्म का हिस्सा हों। काजल ने कहा कि कॉप यूनिवर्स पर बनी फिल्में देखने में काजल को मजा आता है। रोहित शेट्टी ऐसी फिल्मों को बहुत ही अच्छे से बनाते हैं। काजल ने कहा, मैं सिनेमा की दुनिया में रोहित शेट्टी की बहुत बड़ी प्रशंसक हूं। हालांकि, मैं उनसे टच में नहीं हूं। हर कोई व्यक्ति अपने काम में बिजी रहता है लेकिन जब भी हम मिलते हैं। वही मस्ती-मजाक और बातें हमारे बीच में होती हैं। काजल ने कहा कि उन्हें फिल्म 'सिंघम अगेन' का ट्रेलर बहुत पसंद आया। काजल ने बताया कि फिल्म का ट्रेलर काफी उत्साहित करने वाला है, मैं इस फिल्म को बड़े पर्दे पर देखने का इंतजार कर रही हूं। काजल ने कहा कि अजय देवगन और रोहित शेट्टी के साथ काम करना मेरे लिए बहुत शानदार अवसर था। मुझे उस फिल्म के जरिए हिंदी सिनेमा में प्रशंसकों का प्यार मिला है।

# रेलवे ट्रैक पार कर रहे यात्री का मोबाइल झपटकर लुटेरा फरार

▶▶ महिला का ट्रॉली बैग चोरी, सोने की माला, लैपटाप समेत दो लाख का माल चोरी

▶▶ यात्री का 70 हजार का मोबाइल चोरी, एक अन्य वारदात में मोबाइल नहीं देने पर यात्री को पीटा

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

राजधानी में रेल यात्रियों की सुरक्षा भगवान भरोसे हैं। रेलवे स्टेशन परिसर और आसपास लूट, चोरी समेत मारपीट की वारदात लगातार बड़ रही है। दीवाली का त्यौहार करीब आने के कारण लूट और चोरी की वारदात कुछ ज्यादा ही हो रही है। रेलवे स्टेशन के पास से अपने दोस्त के छोड़कर आ रहे एक युवक का अज्ञात लुटेरे ने मोबाइल झपट लिया।

इसी तरह पटना स्पेशल ट्रेन में सफर कर रही महिला का अज्ञात बदमाश ने ट्रॉली बैग चुरा लिया। ट्रॉली बेग में सोने की माला, लैपटाप समेत करीब दो लाख रुपए का सामान था। एक अन्य वारदात में चोर ट्रेन में सफर कर रहे यात्री का 70 हजार रुपए का मोबाइल चुराकर ले गया। जीआरपी ने सभी प्रकरण दर्ज कर लिए है। जीआरपी के अनुसार अलीगढ़ उत्तर प्रदेश निवासी योगेश कुमार ने शिकायत करते हुए बताया कि उनका दोस्त हरिओम ग्वालियर जा रहा था। वह हरिओम को स्टेशन पर छोड़ने रेलवे स्टेशन गए। वहां दोस्त को छोड़ा और मोबाइल पर बात करते हुए रेलवे लाइन पार कर रहे थे। रात करीब दस बजे के आसपास की बात है। एक लुटेरा उनके पास आया और हाथ से मोबाइल छीनकर अंधेरे की तरफ भाग निकला। अंधेरा होने के कारण वह उसका हुलिया देख नहीं सके हैं। उन्होंने जीआरपी को बताया कि लूटे गए मोबाइल की कीमत 12 हजार रुपए है।

गुरमीत सिंह पिता हरदयाल सिंह (45) फिरोजपुर सिटी, में रहते हैं। उन्होंने जीआरपी को शिकायत करते हुए बताया कि ट्रेन 12715 सचखंड एक्स के कोच बी-4, में नांदेड से फिरोजपुर की यात्रा कर रहे थे। यात्रा के दौरान उन्होंने अपनी छोटे बैग को सिर के पास रखा और सो गए।



### रानी कमलापति रेलवे स्टेशन पर यात्री से मारपीट

रानी कमलापति रेलवे स्टेशन की पार्किंग में मंदिर के पास खडे युवक से अज्ञात बदमाश ने मारपीट कर दी। बदमाश उससे मोबाइल मांग रहा था। मोबाइल नहीं देने से गुस्साए बदमाश मारपीट की और वहां से फरार हो गया। भिंड निवासी अनुराग सिंह जीआरपी कमलापति को शिकायत करते हुए बताया कि वह श्रीधाम एक्स से दतिया जाने के लिए रानी कमलापति स्टेशन पहुंचे।

### महिला यात्री का ट्रॉली बैग चोरी

अजयगढ, रोड पन्ना निवासी बीस वर्षीय सुप्रिया बुधौलिया ने जीआरपी में शिकायत करते हुए बताया कि वह पटना स्पेशल ट्रेन से छायापुरी से सतना की यात्रा ट्रेन 09493 पटना स्पेशल ट्रेन के कोच बी/5 में कर रही थी। उनके साथ उनकी नानी सुशीला सैनी और भाई सचिन भी था। शाम 6 बजे ट्रेन छायापुरी से चली। उन्होंने खाना खाया और अपनी अपनी सीट पर लेट गए। रात करीब दो बजे संत हृदय राम नगर सचिन की नींद खुली तो ट्राली बैग और सामान सीट के नीचे था। वह सो गया। 4 बजे रात में सचिन की नींद खुली तो 01 नंबर बर्थ के नीचे रखा ट्राली बैग, स्कूल बैग नहीं था। उक्त बैग कोई बदमाश चुराकर ले गया। ट्राली बैग में लैपटाप लिनेवो कंपनी का सोने का लॉकेट, जिसमें 10-22 सोने के गुरिया लगे हुए थे। चोर बैग समेत करीब दो लाख रुपए का माल चुराकर ले गया है। घटना की शिकायत उन्होंने बीना बीना आरफीएफ को की थी। बाद में जीआरपी भोपाल ने एफआईआर दर्ज कर ली।

# पति से विवाद के चलते पत्नी ने ट्रेन से कटकर दी थी जान



**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

ऐशबाग स्थित रचना नगर अंडर ब्रिज पर रविवार शाम ट्रेन से कटकर जान देने वाली महिला की शिनाख्त पुलिस ने कर ली है। महिला पास ही पद्नाभ नगर में किराए से रहती थी और पति से अनबन होने के बाद उसने ट्रेन से कटकर जान दे दी थी। पुलिस के अनुसार रविवार शाम करीब चार बजे पुलिस ने सुभाष नगर अंडरब्रिज के ऊपर से पुलिस ने एक महिला की लाश बरामद की थी। महिला के पास से कोई भी दस्तावेज नहीं मिला था, जिससे की उसकी शिनाख्त की जा सके। पुलिस ने कंट्रोल रूम में मृतिका का हुलिया भेजा और अखबार समेत इलेक्ट्रॉनिक मीडिया से संपर्क किया था। किसी चेनल पर मृतिका का हुलिया और जानकारी मिलने पर मृतिका के बेटे के दोस्त ने उसे जानकारी दी। रात करीब 12 बजे मृतिका का बेटा प्रवीण थाने पहुंचा और हुलिया देखने के बाद उसने मृतिका की पहचान अपनी मां निर्मला पांडे पति छोटू पांडे (45) निवासी पद्नाभ नगर, ऐशबाग के रूप में कर ली। निर्मला पांडे के बेटे प्रवीण ने बताया कि मां और पिता की रविवार दोपहर कहासुनी हुई थी। मां गुस्से में घर से निकली थी। पुलिस की पूछताछ में पता चला कि निर्मला पांडे ने छोटू पांडे से दूसरी शादी की थी। इसी प्रकार छोटू पांडे ने भी निर्मला पांडे से दूसरी शादी की थी।

### पति की मौत से दुखी पत्नी जहर खाकर दी जान

सूखी सेवनिया थाना क्षेत्र में करवाचौथ के दिन एक महिला ने जहर खा लिया। परिजन उसे अस्पताल लेकर पहुंचे, वहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। प्रारंभिक जांच में यह बात सामने आई कि उसके पति की चार साल पहले मौत हो गई थी। अनुमान है कि पति की मौत से दुखी होकर उसने यह कदम उठाया है। हालांकि उसके पास से सुसाइड नोट नहीं मिला है। पुलिस के अनुसार 36 साल की भारती कुशवाह पति स्व. अमलेश ओमकार सेवनिया में रहती थी। उसके दो बच्चे हैं। वह सास-ससुर, देवर-देवरानी के साथ रहती थी। रविवार करीब 11 बजे भारती ने जहरीला पदार्थ खा लिया।

## पुलिस ने नाबालिग पर दर्ज की गैरइरादतन हत्या की एफआईआर

# गर्लफ्रेंड के बारे में गलत कहने पर झूमाझटकी

## नाले में गिरने से हुई थी युवक की मौत

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

कमला नगर स्थित मांडवा बस्ती के पीछे शुक्रवार दोपहर पुलिस ने एक युवक की लाश बरामद की थी। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के बाद परिजन को सौंप दिया। मर्ग जांच में पता चला कि घटना के समय मृतक अपने नाबालिग दोस्त के साथ नाले के पास बैठकर शराब पी रहा था। नशे में नाबालिग ने दोस्त की गर्लफ्रेंड के बारे में टिप्पणी कर दी। इस पर युवक और उसके नाबालिग साथी के बीच झूमाझटकी हो गई। झूमाझटकी में युवक नाले में गिर गया। नशे की हालत में होने की वजह से नाले से नहीं निकल सका। उसकी जान चली गई।



पुलिस के अनुसार बीस साल का अजय जाटव पिता अमर सिंह जाटव, पुरानी बस्ती, सबरी नगर में रहता था और प्राइवेट काम करता था। बुधवार शाम वह घर से रहस्यमय तरीके से लापता हो गया। परिजन ने उसकी तलाश कर रहे थे, लेकिन उसका पता नहीं चला। अगले ही दिन गुरुवार को परिजन ने कमला नगर थाने में उसकी गुमशुदगी दर्ज कराई। शुक्रवार दोपहर पुलिस को सूचना मिली कि मांडवा बस्ती के पीछे नाले में किसी युवक की लाश पड़ी है। गुमशुदगी के आधार पर पुलिस ने परिजन से संपर्क किया।

परिजन ने लाश देखकर अजय की पहचान कर ली। पुलिस ने मर्ग जांच की तो पता चला बुधवार रात अजय अपने नाबालिग दोस्त के साथ शराब के नशे में देखा गया था। पुलिस ने नाबालिग से पूछताद की तो उसने बताया कि नशे में उसने अजय की गर्लफ्रेंड के बारे में अभद्र टिप्पणी की थी। इसी को लेकर विवाद हो गया। विवाद बढ़ने पर झूमाझटकी होने लगी और धक्का लगने से अजय नाले में गिर गया। नाले में दलदल होने के कारण और नशा होने के कारण अजय नाले के फंस गया और उसकी मौत हो गई। नाले में गिरने के बाद नाबालिग वहां से निकल गया था।

### सुबह खुद ही तलाश करने पहुंचा

अजय के नाले में गिरने के बाद नाबालिग अपने घर चला गया। अगले ही दिन सुबह वह खुद नाले में अजय को देखने पहुंचा। तब तक अजय की मौत हो चुकी थी। शव देखकर वह डर गया और घर में ही रहा। पुलिस की जांच में यह बात सामने आई कि यदि नाबालिग अजय को बाहर निकाल लेता या फिर पुलिस को समय पर सूचना देता तो अजय की जान बच सकती थी।

# फार्म हाउस की सीढ़ियों पर गिरकर किसान घायल

**भोपाल।** बैरसिया थाना क्षेत्र स्थित हिनोतिया पीरान गांव में रविवार सुबह करीब चार बजे एक किसान फार्म हाउस के सीढ़ियों पर गिर गए। उनका बेटा उन्हें इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बैरसिया लेकर पहुंचा, वहां स्थिति देखते हुए उन्हें एम्स रेफर कर दिया गया। एम्स में इलाज के दौरान रविवार शाम उनकी मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के बाद परिजन को सौंप दिया है। एसआई हेमंत सिंह ने बताया कि बदन सिंह धाकड़ पिता गोपीलाल धाकड़ (41) ग्राम सुहाया, तहसील बैरसिया में रहते थे। वे किसान थे। गांव हिनोतिया पीरान में उन्होंने खेत बटाई पर ले रखा है। बदन सिंह धाकड़ शराब पीने के आदी थे। शरिवार रात में उन्होंने शराब पी और खाना खाने के बाद अपने बेटे मोंटी उर्फ अवधेश धाकड़ के साथ फार्म हाउस पर चले गए। मोंटी ने पिता से कहा कि आप ऊपर वाले कमरे में सो जाओ मैं नीचे सो रहा हूं। वे ऊपर वाले कमरे में सोने चले गए। रविवार सुबह करीब चार बजे मोंटी की नींद खुली तो उसने पिता अंदर सीढ़ियों पर पिता को घायल अवस्था में पडे देखा।

### एम्स में मौत

# सीढियों से उतर रहा किशोर गिरा, मौत

**भोपाल।** ऐशबाग थाना क्षेत्र स्थित बाग फरहत अफ्जा में सोमवार शाम चौदह साल के किशोर की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। उसकी चीख सुनकर सीढ़ियों पर पहुंचे परिजन ने उसे अस्पताल लेकर पहुंचे, वहां डॉक्टर ने प्राथमिक जांच में ही किशोर को मृत घोषित कर दिया। प्राथमिक पूछताछ में यह बात सामने आई कि किशोर सीढ़ियों से उतर रहा था, तभी उसका पैर फिसल गया। पैर फिसलने गले में गमछा कस गया था। पुलिस ने शव पीएम के लिए भेज दिया है। मंगलवार को उसका पीएम कराया जाएगा। पीएम रिपोर्ट मिलने के बाद ही मौत के सही कारण स्पष्ट हो सकेंगे। पुलिस के अनुसार एजान पिता सोहेब (14) गली नंबर-2 बाग फरहत अफ्जा में रहता था और स्कूली छात्र था। सोमवार शाम करीब चार बजे वह अपने घर में था और ऊपर वाले कमरे से सीढ़ियों से नीचे उतर रहा था। इसी दौरान वह गिर गया।

# कमला पार्क मजार के पास बाइक फिसली, 1 की मौत, साथी गंभीर

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

श्यामला हिल्स स्थित कमला पार्क मजार के पास रविवार शाम तेज रफ्तार बाइक अनियंत्रित होकर फिसल गई। इस हादसे में बाइक सवार दोनों युवकों को गंभीर चोट आई थी। उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया। इलाज के दौरान सोमवार शाम एक युवक की मौत हो गई, जबकि उसके साथी ही हालत गंभीर होने के कारण उसका इलाज चल रहा है। पुलिस के अनुसार इमरान पिता सलीम (24) आरिफ नगर, गौतम नगर में रहता था और प्राइवेट काम करता था। इमरान के साथी 22 साल के साहिल ने पुलिस को बताया कि रविवार शाम वह बाइक से इमरान के साथ किलोल पार्क आया था। बाइक साहिल खुद चला रहा था।



दोनों ने चाय पी और वहां से गौतम नगर जाने के लिए निकल गए। वे कमला पार्क मजार के पास पहुंचे ही थे कि बाइक अनियंत्रित होकर फिसल गई। शाम करीब साढे 7 बजे के आसपास हुए हादसे के बाद दोनों को अस्पताल ले जाया गया, सिर में गंभीर चोट होने के कारण इमरान की सोमवार शाम मौत हो गई।

# दुकान में युवक ने लगाई फांसी

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

खजूरी सड़क थाना क्षेत्र स्थित गांव भौरी में वीरू ढाबा के पास पंचर की दुकान में एक युवक ने फांसी लगा ली। उसका शव सोमवार सुबह फांसी के फंदे पर लटका मिला। उसके पास से सुसाइड नोट नहीं मिला है। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के बाद भाई को सौंप दिया है। पुलिस के अनुसार रिजवान पिता स्वर्गीय मोहम्मद एनुल (19) मुजफ्फरपुर, बिहार का था। उसका भाई टीटी नगर में रहता है और पंचर की दुकान में काम करता है। रिजवान के माता पिता नहीं थे और वह गांव में अकेला रहता था। भाई ने उसे सलमान खान की दुकान में पंचर की दुकान पर काम दिलाया था। रिजवान दुकान पर ही रहता था और काम करता था। भौंरी में रिजवान की एक अन्य पंचर की दुकान पर काम करने वाले युवक से दोस्ती हो गई। उक्त युवक सोमवार सुबह रिजवान से मिलने उसकी दुकान पहुंचा।








**मेट्रो एंकर**

## दो दिन पहले हुई कहासुनी के बाद गुस्से में चली गई थी मायके

# करवा चौथ पर पत्नी घर नहीं लौटी तो पति ने किया आत्मदाह

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

छोला मंदिर थाना क्षेत्र स्थित सुंदर नगर में एक युवक ने खुद को कमरे में बंद कर आत्मदाह कर लिया। पड़ोसियों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने करीब 70 फीसदी झुलसे हुए युवक को हमीदिया अस्पताल लेकर पहुंची, वहां डॉक्टर ने प्राथमिक जांच में ही उसे मृत घोषित कर दिया। शुरुआती जांच में पता चला कि मृतक की पत्नी मायके चली गई थी। रविवार को करवा चौथ के दिन भी वह घर नहीं लौटी तो पति ने आत्मदाह कर लिया।

पुलिस के अनुसार सुंदर नगर छोला मंदिर निवासी आनंद सिंह (40) प्राइवेट काम करते थे। दो-तीन दिन पहले आपसी अनबन होने पर पत्नी गुस्से में मायके चली गई। आनंद सिंह ने मोबाइल पर बात कर पत्नी से करवा चौथ घर पर मनाने के लिए कहा था। बावजूद इसके रविवार को पत्नी घर नहीं लौटी। गुस्से में आकर आनंद ने खुद को कमरे में बंद कर आग लगा ली। शोर सुनकर पड़ोसियों ने पुलिस को सूचना दी थी। पुलिस ने किसी तरह दरवाजा तोड़कर आनंद को हमीदिया अस्पताल भेजा गया, लेकिन अस्पताल पहुंचने से पहले ही उसकी मौत हो चुकी थी।



### कर्ज से परेशान होकर युवक ने किया आत्मदाह

अवधपुरी थाना क्षेत्र स्थित निर्मल पैलेश में गत 16 अक्टूबर को एक युवक ने खुद को आग लगा ली। गंभीर रूप से झुलसने के बाद परिजन उसे अस्पताल लेकर पहुंचे थे, वहां सोमवार शाम युवक की मौत हो गई। मरने से पूर्व उसने पुलिस को बयान दिए थे। बयान में उसने बताया था कि नौकरी दिलाने के नाम पर कुछ लोगों से उसने 6-7 लाख रुपए लिए थे। उन्हें नौकरी नहीं लगा सका और अब वह अपने रुपए वापस मांगने के लिए दबाव बना रहे थे। पुलिस के अनुसार विवेक भार्गव पिता कैलाश भार्गव (42) मूलत: सीहोर के रहने वाले थे। उनके पिता कैलाश भार्गव शासकीय विभाग से रिटायर्ड हैं। विवेक पत्नी बच्चों और छोटे भाई समेत पिता के साथ निर्मल पैलेश में रहते थे। गत 16 अक्टूबर को उन्होंने अपने घर में खुद को आग लगा ली थी। परिजन उन्हें लेकर अस्पताल पहुंचे, वहां इलाज के दौरान सोमवार शाम उनकी मौत हो गई। पुलिस का कहना है कि विवेक भार्गव ने अपने बयान में बताया कि वह नौकरी लगाने के नाम पर कुछ लोगों से 6-7 लाख रुपए ले चुके हैं। हालांकि अभी तक पुलिस के पास विवेक के खिलाफ शिकायत नहीं पहुंची है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

स्वामी,मुद्रक,प्रकाशक **राजेश सिरोठिया** द्वारा पी जी इंफ्रास्ट्रक्चर एंड सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड,करोंद-भानपुर बाइपास विलेज रासलाखेड़ी भोपाल से मुद्रित तथा ए-182 मनीषा मार्केट शाहपुरा भोपाल से प्रकाशित। **प्रधान संपादक राजेश सिरोठिया**
**संपादक आशीष दुबे*** आर एन आई पंजीयन क्रमांक एमपी एचआईएन/2016/68849 ( *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार) **फोन :** 0755-4917524, 2972022